वर्षः 7- अंकः 184, मुंबई, शनिवार, 16 सितंबर, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस.खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर






अब बिना आधार कार्ड नहीं बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

(समाचार पृष्ठ 6-7 पर)

हीरो के बराबर फीस के हक में बोली कंगना

(समाचार पृष्ठ 12 पर)

### वीरप्पा मोइली ने किया इशारा

# राहुल बन सकते हैं कांग्रेस प्रेसिडेंट



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी को इंटरनल इलेक्शन प्रॉसेस के जरिए कांग्रेस प्रेसिडेंट चुना जाएगा। पार्टी के सीनियर लीडर वीरप्पा मोइली ने यह बात कही है। उन्होंने यह इशारा भी किया कि राहुल अगले महीने तक यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। बता दें कि हाल ही में राहुल ने खुद कहा था कि पार्टी कहे तो वे यह जिम्मेदारी संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोइली ने कहा कि राहुल का कांग्रेसी की जिम्मेदारी संभालना पार्टी के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने कहा, उन्हें (राहुल) कांग्रेस प्रेसिडेंट की पोस्ट तुरंत संभालना चाहिए। यह पार्टी के लिए अच्छा होगा और देश के लिए भी। हर कोई (कांग्रेस में) महसूस करता है कि इसमें (उनकी तरक्की में) देरी हो गई है। अब वे (राहुल) ऑर्गनाइजेशन इलेक्शंस का इंतजार कर रहे हैं। वे एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) प्रेसिडेंट इलेक्शन प्रॉसेस से ही बनना चाहते हैं। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### बड़े बदलाव की जरूरत

मोइली से पूछा गया कि प्रेसिडेंट की पोस्ट संभालने के बाद राहुल को क्या करना होगा? इस पर मोइली ने कहा कि उन्हें सबसे पहले तय वक्त में राज्यों के प्रभारियों को बदलना होगा। राज्यों के संगठनों में निचले स्तर से सुधार करना होगा।

## दुनिया के लिए 'सिरदर्द' बने उत्तर कोरिया का भारत कनेक्शन!



**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया ने एक और मिसाइल टेस्ट कर दुनिया भर में फिर से तनाव बढ़ा दिया है। तनाव की गंभीरता इतनी ज्यादा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बैठक बुलायी है, जिसमें उत्तर कोरिया की इस हिमाकत पर चर्चा की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र पहले ही कड़े प्रतिबंध उत्तर कोरिया पर लगा चुका है लेकिन बावजूद इसके उसने जापान के ऊपर से मिसाइल टेस्ट किया। (शेष पृष्ठ 5 पर)


# स्टार बाजार मॉल के टेरिस पर अवैध निर्माण

## टेरिस पर बने Kube लांज एंड क्लब हुक्का पार्लर की भीड़ का दबाव हो सकती है... जानलेवा

### कोप्टा ॲक्ट (COPTA) के तहत जल्द से जल्द कार्रवाई की जाये



अजोय मेहता
मनपा आयुक्त




दत्तात्रय पडसलगिकर
मुं. पुलिस कमिश्नर

मनपा आयुक्त अजोय मेहता और मुंबई पुलिस आयुक्त दत्तात्रय पडसलगिकर से अपील है कि वे खुद स्टार बाजार मॉल और इसके टेरिस पर चल रहे Kube लांज एंड क्लब हुक्का पार्लर के गैर कानूनी कामों को देखें और इसपर अविलंब सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी करें। नहीं तो यहां भी घाटकोपर हादसे जैसी दुर्घटना हो सकती है। क्योंकि Kube हुक्का पार्लर पर ओवरलोडिंग के कारण यह बिल्डिंग काफी खतरनाक हो चुकी है।

**मुंबई।** अंधेरी पश्चिम में स्टार बाजार मॉल के टेरिस पर संचालित Kube लांज एंड क्लब हुक्का पार्लर में भारी भीड़ के कारण दुर्घटना का अंदेशा है। मुंबई महानगरपालिका ने इस हुक्का पार्लर के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। देश की युवा पीढ़ी नशे में बरबाद हो रही है, यह विषय तो अपनी जगह है ही। महानगरपालिका के के/वेस्ट वार्ड के संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं किये हैं। ऐसे में मनपा आयुक्त अजोय मेहता को अवश्यक दखल देना चाहिए। यह हुक्का पार्लर देर रात तक चलता है, यहां कम उम्र के लड़के-लड़कियां की संख्या ज्यादा रहती है, भीड़ इतनी ज्यादा होती है कि हमेशा इमारत के ध्वस्त होने का खतरा बना रहता है। (शेष पृष्ठ 5 पर)




स्टार बाजार मॉल की टेरिस पर बना अवैध क्यूब लांज एंड क्लब हुक्का पार्लर



टेरिस पर बने अवैध हुक्का पार्लर की वजनदार दीवार

# मुंबई के टूरिस्ट बस ऑपरेटर्स 19 और 20 सितंबर को करेगें हड़ताल

**मुंबई।** 19 और 20 सितंबर को टूरिस्ट बस ऑपरेटर्स हड़ताल पर जा सकते हैं। इस कारण मुंबई में 33,000 बसों की पहिए थम जाएंगें। टूरिस्ट बस ऑपरेटर्स का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस उन्हें शहर के अंदर नहीं जाने देती है, खासकर साउथ मुंबई के इलाके में, जहां एक दिन में 17 घंटे रोक है।

टूरिस्ट बस ऑपरेटर्स के हड़ताल पर जाने से लाखों यात्रियों को असुविधा उठानी पड़ेगी और शहर से महाराष्ट्र के दूसरी जगहों पर जाने वाली बसों पर प्रभाव पड़ेगा। राज्य के अंदर बस सर्विस भी प्रभावित रहेगी।



स्कूल बस ऑपरेटर्स भी इस हड़ताल को समर्थन देने की बात कर रहे हैं। हालांकि स्कूल बसों के प्रवेश पर कोई प्रतिबंध नहीं हैं। बस मालिकों को पुलिस की ओर से यह निर्देश दिए गए हैं कि बस पार्किंग एरिया में भुगतान करके खड़ी करें। सुबह 7 बजे से आधी रात तक साउथ मुंबई में जाने पर रोक का आदेश सिर्फ भारी वाहनों और प्राइवेट बस बसों के लिए है। मुंबई बस मलक संगठन के जनरल सेकेट्री हर्ष कोटक ने बताया कि गुरुवार को बस असोसिएशन के 350 सदस्यों के साथ दोपहर में उनकी इमरजेंसी मीटिंग हुई है। मीटिंग में फैसला लिया गया है कि वे सब हड़ताल पर जाएंगें। उन्होंने बताया कि वे लोग मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस से मिलने की योजना बना रहे हैं ताकि वह इस मामले में हस्ताक्षेप करें। उनकी मांग है कि एक कमिटी बनाई जाए जो उनके लंबित मामलों पर विचार करे और पुलिस इस आदेश को वापस ली।

ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि प्राइवेट बसों के साउथ मुंबई में प्रवेश पर प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है ताकि उस इलाके में भीड़ को कम किया जा सके। मेट्रो का काम होने से ज्यादा ट्रैफिक हो रहा है। ट्रैफिक के ज्वॉइंट पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि भारी वाहन और बसें जहां-तहां खड़ी कर दी जाती हैं। यह आदेश इसलिए किया गया है ताकि ट्रैफिक ठीक रहे।

उन्होंने बताया कि वे चाहते हैं कि रोड खाली रहे ताकि ट्रैफिक का संचालन ठीक से हो सके। यह रोक अभी सिर्फ दो महीने के लिए प्रयोग के तौर पर किया गया है। उसके बाद इसे स्थाई तौर पर लागू करने से पहले जिम्मेदारों के सुझाव मांगे जाएंगें।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के विरोध में हुआ प्रदर्शन

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट शिलान्यास कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर बुलेट ट्रेन का विरोध किया। पालघर जिले के बोईसर रेलवे स्टेशन पर आदिवासी व किसान संगठनों ने ट्रेनों को काले झंडे दिखा प्रदर्शन किया। साथ ही 'बुलेट ट्रेन हटाओ, लोकल ट्रेन सुधारों' जैसे नारे लगाए।

आदिवासियों ने बुलेट ट्रेन के विरोध में प्रदर्शन कर बुलेट ट्रेन को एक इंच जमीन न देने का ऐलान किया भूमि सेना के अध्यक्ष कालू काका धोधड़े ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि बुलेट ट्रेन के लिए भूमि मिली नहीं और भूमि पूजन कर दिया गया है। धोधड़े ने सरकार को चेतावनी दी कि बुलेट ट्रेन व वाढ़वन बंदरगाह के लिए लगने वाली जमीन से बड़ी संख्या में किसान व आदिवासी भूमिहीन हो जाएंगे जिससे बर्दाश्त नही किया जाएगा। सरकार अगर बुलेट ट्रेन का प्रोजेक्ट रद्द नहीं करती तो मोदी सरकार के विरुद्ध जन आंदोलन छेड़ा जाएगा आदिवासी नेताओं ने आरोप लगाया की पालघर की कई ग्रामपंचायत पेशा कानून के तहत आती है कानून में साफ तौर पर कहा



गया है कि बिना वहां के ग्रामवासियों की मर्जी के किसी प्रोजेक्ट के लिए जमीन नही ली जा सकती है। सरकार पेशा कानून की धज्जियां उड़ा आदिवासियों व किसानों की जमीन हड़प रही है। मुम्बई से अहमदाबाद तक जाने वाली बुलेट ट्रेन के संभावित स्टेशनों में बोईसर भी शामिल है। विरोध करने में आदिवासी एकता परिषद, शेतकरी संघर्ष समिति, भूमिसेना, सूर्य पाणी बचाव, युवा भारत, वाढवणं बंदर विरोधी, कष्टकरी संघटना, अध्यक्ष शेतकरी संघर्ष समिति के साथ कालू राम धोधड़े सैकड़ों आदिवासी व किसान मौजूद थे।

## घाटकोपर हादसा

## 7 परिवारों को मिला घर

**मुंबई।** घाटकोपर स्थित इमारत के जमींदोज हो जाने से अपनी जान साथ ही अपना आशियाना खो देने वाले परिवारों में से 7 परिवारों को झोपड़पट्टी पुर्नवसन प्राधिकरण ने भांडुप में 2 वर्षों के लिए घर दिया है। गुरुवार को इन परिवारों को घर की चाबी सौंपी गई। बता दें कि अभी हाल ही में घाटकोपर स्थित साई सिध्दी अपार्टमेंट जमींदोज हो गई थी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 14 परिवारों को अपने आशियाने से हाथ धोना पड़ा था। घर खोने वाले परिवारों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अपील की थी, उन्हें उनका घर बनने तक दूसरे घर की व्यवस्था की जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एसआरए को इन परिवारों के लिए घर की व्यवस्था करने का आदेश दिया था। इस आदेश का पालन करते हुए गुरुवार को एसआरए ने भांडुप स्थित एसआरए परियोजना के अंतर्गत बनाई गई मानव, इमारत में 14 परिवारों में 7 परिवारों को 2 साल के लिए घर दिया। गुरुवार को भाजापा सांसद किरिट सोमैया द्वारा परिवारों को घर की चाबी दी गई।



## बच्ची का शोषण करने वाले स्कूल बस सहायक को 3 साल की जेल



**मुंबई।** 39 साल के स्कूल बस सहायक को तीन साल कैद की सजा सुनाई गई है। बस सहायक पुरुषोत्तम पवार ने 2014 में एक दस वर्ष की बच्ची का शोषण किया था।

6 फरवरी 2014 को एक बच्ची उसके घर जा रही थी। रास्ते में एक शराबी ने उसके बाल पकड़कर उसे खींचकर जकड़ लिया और उसके सीने पर हाथ लगाने लगा। कोर्ट ने बचाव पक्ष के वकील की यह दलील मानने से इंकार कर दिया जिसमें उसने कहा कि लड़की आरोपित पुरुषोत्तम पवार को इसलिए फंसा रही है क्योंकि उसने बच्ची के शैतानी करने पर उसे डांटा था।

इस मामले में बच्ची को गवाह के तौर पर विशेष अदालत लाया गया। उसने बताया कि 6 फरवरी 2014 को वह स्कूल बस से घर वापस जा रही थी। उसने गवाही दी कि घटना के दिन बस सहायक उसकी तरफ आया और गिर पड़ा। उसे उसके पास से शराब की महक आ रही थी। सहायक ने उसका शोषण करना शुरू किया और वह रोने लगी। सहमी हुई बच्ची ने बताया कि वह उसके घर के स्टॉप से पहले ही दो छात्रों के साथ बस से उतर गई।

उसे बस स्टॉप में उसके एक दोस्त की मम्मी मिलीं। उन्हें देखकर उसने जोर से रोना शुरू कर दिया और उन्हें चुपचाप पूरी बात बताई। थोड़ी देर में बच्ची की मां भी बस स्टॉप पर पहुंच गई। बच्ची ने उन्हें भी पूरी घटना बताई।

बच्ची की मां ने घर आकर रात में पूरी बात उसके पिता को बताई। अगले दिन उसके अभिभावक स्कूल गए और प्रिंसीपल से मिले। पता चला कि घटना वाले दिन बस में कोई भी महिला सहायक नहीं थी। वे वहां से वापस आए और पुलिस स्टेशन जाकर मामला दर्ज कराया।

बच्ची के बयान के बाद कोर्ट ने कहा कि बयान में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे बच्ची पर अविश्वास करके बहस कराई जाए। बच्ची के साक्ष्य में एसा कुछ नहीं पाया गया जिससे पता चले कि बच्ची ने सिखाए बयान दिए हों। जहां तक बच्ची का दिया गया साक्ष्य साफ दर्शाता है कि उसके दिमाग में घटना पूरी तरह से घर कर गई है।

कोर्ट ने उस महिला को भी बयान के लिए बुलाया जिसे बच्ची ने घटना वाले दिन सबसे पहले पूरी बात बताई थी। महिला ने पूरी घटना बताई जो उस दिन बस में बच्ची के साथ हुई थी। दूसरा बच्चा जो उस दिन बस में था उसने बताया कि वह पीड़ित बच्ची के पीछे बैठा था। उसने देखा कि पुरुषोत्तम ने बच्ची को छुआ।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975** कार्यकारी संपादक – सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मनपा आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तयारी में शिवसेना

**मुंबई।** शिवसेना और मनपा आयुक्त अजोय मेहता के बीच छिड़ी जंग अब अविश्वास प्रस्ताव में तब्दील होने जा रही है। शिवसेना मनपा आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तयारी में है। आयुक्त का रवैया सत्ता धारी पार्टी के खिलाफ होने का आरोप शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने मनपा मुख्यालय में किया है। गौरतलब है कि मनपा आयुक्त अजोय मेहता और मनपा सत्ताधारी शिवसेना के खिलाफ पिछले काफी दिनों से जंग छिड़ी हैं। शुक्रवार को मनपा द्वारा आयोजित किए गए स्वछता ही सेवा है स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में महापौर विश्वनाथ म्हाड़ेश्वर ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। ;महापौर ने कहा की उन्हें देर रत कार्यक्रम की जानकारी दी गई जबकि उसके पहले सभी को निमंत्रण दे दिए जाने के बाद उन्हें जानकारी दी गई। शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने मनपा मुख्यालय आक-र आयुक्त के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की उनका आरोप है कि आयुक्त का रवैया मनपा के सत्ताधारी के खिलाफ है। आयुक्त राज्य सरकार के नगरविकास के कहने के अनुसार काम कर रहे है। सांसद शेवाले ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों मुंबई में बड़े पैमाने पर शौचालय का उद्घाटन किया गया था जिसमे फिल्मी हस्तियों को बुलाया जाता है लेकिन मुंबई के महापौर को नहीं बताया जाता जबकि यह मनपा से संबंधित था। इसी तरह एम पूर्व का विकास करने के लिए निजी संस्था के द्वारा विकास करने का अनुबंध किया जाता है लेकिन मनपा महापौर को इसकी जानकारी तक नहीं दी जाती। मुंबई शहर को जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन के किनारे सायकल ट्रैक बंनाने का निर्णय लिया जाता है। मनपा प्रशासन महापौर को जानकरी देने की जहमत तक नहीं उठाते। शुक्रवार को स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम की भी जानकारी आखिरी समय में दी गई जिससे नाराज होकर महापौर विश्वनाथ म्हाड़ेश्वर ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। शिवसेना नेता राहुल शेवाले ने कहा कि महापौर के अपमान को सहन नहीं किया जाएगा।

# अज्ञात शख्स ने बनाया विधायक का फेक फेसबुक अकाउंट, एक्ट्रैस को भेजे वल्गार मैसेज

**ठाणे।** मुंब्रा-कलवा सीट से एनसीपी के विधायक जितेंद्र आव्हाड का अज्ञात शख्स ने फेक फेसबुक अकाउंट बनाकर मराठी एक्ट्रैस को वल्गार मैसेजेस भेजने का मामला सामने आया है। इस मामले में विधायक आव्हाड ने साइबर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।दस दिन पहले एक्टिवेट हुआ अकाउंट.....

-जितेंद्र आव्हाड ने बताया कि, मेरा फेक फेसबुक अकाउंट किसी अज्ञात शख्स ने बनाया था।इसका पता मुझे दस दिन पहले चला था।

-इस अकाउंट से एक मराठी एक्ट्रैस को वल्गार मैसेजेस भेजे जा रहे थे, इससे वह परेशान थी।

-उसने अपने दोस्त के माध्यम से आव्हाड से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि, उनका इस टाइप का कोई अकाउंट नहीं है, न ही कोई मैसेजेस भेजे हैं।

-जब यह फेसबुक अकाउंट खुद आव्हाड ने देखा तो पता चला कि वह फेक है। इसके बाद वे पुलिस के पास गए।

उन्होंने अज्ञात शख्स के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन उन्होंने शिकायत दर्ज करने से इनकार किया।

-अब मामला साइबर क्राइम पुलिस के पास पहुंचा है। साइबर पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

# शाहिद कपूर के मेकअप मैन के खिलाफ शिकायत दर्ज, धमकी देने का आरोप

**मुंबई।** शाहिद कपूर के मेकअप मैन ग्लैडविन जेम्स के खिलाफ सिने कॉस्टयूम, मेकअप एंड हेयर एसोसिएशन के यूनियन लीडर दीपक मारुती ने शराब पीकर व्हाट्स ऐप ग्रुप में धमकी देने की शिकायत दर्ज करवाई है। मुंबई की बांगुर पुलिस ने मारुती की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।क्या है यूनियन लीडर का आरोप...

- शिकायतकर्ता दीपक मारुती ने मुंबई पुलिस को दी अपनी कंप्लेंट में आरोप लगाया है कि, मेकअप आर्टिस्ट ग्लैडविन जेम्स मेकअप एंड हेयर एसोसिएशन के एक ग्रुप से जुड़े हुए हैं।
- इस ग्रुप में 256 मेंबर्स हैं। 14 सितंबर की शाम 3 बजे ग्लैडविन इस ग्रुप में दीपक मारुती से चैट कर रहे थे। चैट के दौरान ग्लैडविन को दीपक की कोई बात अच्छी नहीं लगी और वह उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगे।
- दीपक ने जब ऐसा न करने और इसकी शिकायत पुलिस से करने की बात कही तो ग्लैडविन ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया।



- इसके बाद दीपक मारुती ने चैट का स्क्रीनशॉट लिया और ग्लैडविन के खिलाफ बांगुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाने पहुंचे। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण पुलिस ने सीधे एफआईआर दर्ज करने की जगह फिलहाल शिकायत दर्ज की है।
- पुलिस टीम शुक्रवार को ग्लैडविन का बयान लेने और उनसे पूछताछ करने फिल्म के एक सेट पर पहुंची थी। इस दौरान मेकअप एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने ग्लैडविन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया।
- पुलिस ने यूनियन लीडर दीपक मारुती का बयान भी दर्ज किया है।

# अक्टूबर महीने से सडक काम में आएगी तेजी

## सालभर में 137 किमी लंबाई के सडकों के 561 काम पूर्ण

**मुंबई।** मानसून के बाद सड़क कामों में गति आएगी । मनपा द्वारा अक्टूबर महीने से सड़क से सम्बंधित कामों की शुरूआत जाएगी । जिसमे 459. 48 किमी लंबाई के सडकों के 1 हजार 668 काम व जंक्शन से जुड़े 112 काम कई चरणों में किया जाएगा। वहीं लगभग 182.38 लम्बाई के सड़क के 664 कामों सहित जंक्शन से सम्बंधित 59 काम प्रस्तावित है जिनकी निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में होने की जानकारी सड़क व परिवहन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद चिठोरे ने दी है।

गौरतलब है कि मानसून के बाद सडकों के निर्माण , मरम्मत, गड्ढे भरना आदि सडकों से सम्बंधित काम करने का निर्णय मनपा द्वारा लिया गया है। वहीँ पिछले एक वर्ष में मनपा ने लगभग 137 किमी लंबाई के सडकों के 561 काम पूर्ण किये है। इसी के साथ ही अक्टूबर महीने से 459. 48 किमी लंबाई के सडकों के 1 हजार 668 काम व जंक्शन से जुड़े 112 काम कई चरणों में किया जाएगा। वहीं लगभग 182.38 लम्बाई के सड़क के 664 कामों सहित जंक्शन से सम्बंधित 59 काम प्रस्तावित है जिनकी निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में होने की जानकारी सड़क व परिवहन विभाग के प्रमुख अभियंता विनोद चिठोरे ने दी है। मनपा द्वारा इन कामों को चार चरणों में किया जाएगा। जिसके पहले चरण में प्रकल्प रास्तों का समावेश है जिन्हे पूरी तरह से नया किया जायेगा। मानसून पूर्व मनपा ने 93.46 किमी लंबाई के 344 रास्तों के कामों व जंक्शन के 40 कामों को मानसून पूर्व पूरा किया है जबकि 351.64 किमी लंबाई के 835 काम व जंक्शन के 112 काम मानसून पूर्व किया जाएगा। प्रकल्प रास्तों में कुल 533.59 किमी लम्बाई के 1449 सड़क से जुड़े कामों का समावेश है। दूसरे चरण में सडकों के पृष्ठभाग खराब होने व बड़े प्रमाण में गड्ढे पाए गए है। जिनकी मरम्मत किया जाएगा। इसमें कुल 25.02 किमी लम्बाई के सड़क के 112 कामों का समावेश है जिसमे से मानसून पूर्व 23.46 लम्बाई के सडकों के 107 काम किये गये है जबकि शेष 1.56 लम्बाई के सड़क का 5 काम अक्टूबर महीने में विभिन्न चरणों में किया जाएगा।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**ई. निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| **निविदा दस्तावेज क्र** | ७१०००१०३८३२ |
| **संगठन का नाम** | बृहमुंबई महानगरपालिका |
| **विषय** | वार्षिक गैर-व्यापक सर्विसिंग और 12 महीनों के लिए विभिन्न नगरपालिका परिसरों में स्थापित 28 लिफ्टों का मेन्टेनंस.(खुलने और बंधनेवाला दरवाजे) (०१.११.२०१७ - ३१.१०.२०१८) |
| विविधा मूल्य | रु. १०००/- (+५.०% वैट) |
| ई-निविदा की लागत ( अनुमानित लागत) | --------- |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | रु. १३,९००/- |
| निविदा ब्रिकी एवं जारी करने की तिथि | १६.०९.२०१७ समय ११.00 बजे से |
| निविदा ब्रिकी और बोली सुरक्षा प्राप्ति की अतिम तिथी एवं समय | २२.०९.२०१७ समय १२.00 बजे तक |
| लिफाफा ए,बी एवं लिफाफा सी जमा करने की तिथि एवं समय (ऑनलाईन) | २२.०९.२०१७ समय १६.00 बजे तक |
| पूर्व-बोली बैठक | --एनए-- |
| लिफाफा ए के खुलने की तिथि एवं समय | २२.०९.२०१७ समय १६.०१ बजे के बाद |
| लिफाफा बी के खुलने की तिथि एवं समय | २२.०९.२०१७ समय १६:०२ बजे के बाद |
| लिफाफा सी के खुलने की तिथि एवं समय | २५.०९.२०१७ समय १३:०० बजे के बाद |
| संपर्क का पत्ता | ऑफिस : ई.ई.मेक.(ई.आई) मेंन्टेनंस एमसीजीएम म्युनिसिपल वर्कशॉप आर.एस. निमकर मार्ग, भायखला, मुंबई-400 008. |
| बोली खुलने का स्थान | ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेन्टेनंस ऑफिस में ऑनलाईन. |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है और उपरोक्त विषय के लिए सभी आवेदन बिना किसी कारण बताए प्राप्त कर सकते है।

हस्ता/-
श्री के.एच. पारेकर
ई.ई.मैकेनिकल (ई.आई.) मेन्टेनंस

PRO/102/ADV./17-18

एक कदम राष्ट्रीयत्वका, नोंदणी करके मतदार बनने का।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

**आवश्यक है**

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरतं संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे) **(9619102478)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### बुलेट ट्रेन पर बेजा तर्क

**जापान** के प्रधानमंत्री शिंजो एबी की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच आर्थिक-व्यापारिक सहयोग के साथ वैश्विक मामलों में आपसी भरोसे को भी बढ़ाने वाली साबित होती दिख रही है। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री ने अपने जापानी अतिथि के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की एक मजबूत आधारशिला रखी, लेकिन यह स्वाभाविक ही है कि सबसे ज्यादा चर्चा अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन से जुड़ी परियोजना की हो रही है। उच्च तकनीक से लैस बुलेट ट्रेन परियोजना का भारत में आगमन एक नई तकनीक का प्रवेश मात्र नहीं, बल्कि आधारभूत ढांचे को एक नया आयाम देने की पहल भी है। यह पहले से तय था कि बुलेट ट्रेन संबंधी परियोजना को गति देने के साथ ही उसके विरोध में कुछ अजब-गजब बातें सुनने को मिलेंगी, लेकिन इसकी उम्मीद नहीं की जाती थी कि कांग्रेस किंतु-परंतु के साथ यह साबित करती भी नजर आएगी कि यह परियोजना तो अमीरों के लिए है। कम से कम कांग्रेस के नेताओं को तो यह अच्छी तरह पता होना चाहिए कि देश में कंप्यूटर के चलन को बढ़ावा देने के वक्त कैसे बेढब तर्क दिए गए थे? इसी तरह उन्हें यह भी याद होना चाहिए कि दिल्ली में मेट्रो परियोजना शुरू होते समय किस तरह यह कहा गया था कि इससे तो केवल अमीरों को सुविधा होगी और बेचारे गरीब लोग कहां जाएंगे? यह सही है कि रेल सेवा को बेहतर और सुरक्षित बनाने के काम को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, लेकिन क्या यह कहा जा सकता है कि ऐसा नहीं किया जा रहा है? यह विचित्र है कि अपने देश में जब भी कोई नया और बड़ा काम शुरू होता है तो सबसे पहली कोशिश उसे अमीर समर्थक और गरीब विरोधी ठहराने की होती है। बहुत दिन नहीं हुए जब कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी यह कहते हुए पाए गए थे कि सड़कों पर तो अमीर लोगों की कारें चलती हैं। वह सूट-बूट के भी बैरी बन बैठे हैं और इस क्रम में यहां तक कह चुके हैं कि देश को कुर्ता-पायजामा और चप्पल वाली सरकार चाहिए। यह और कुछ नहीं, देश की जनता को गरीब के रूप में ही देखते रहने की प्रवृत्ति है। दुर्भाग्य से ऐसे नजरिये से अन्य अनेक राजनीतिक दल भी ग्रस्त हैं। वे न केवल गरीबी का महिमामंडन करते हैं, बल्कि जाने-अनजाने यह भी प्रतीति कराते हैं कि अमीर होना और सुविधायुक्त जीवन जीना बुरी बात है। दरअसल ऐसे ही नकारात्मक और दूषित चिंतन के कारण अमीरों को आमतौर पर या तो गरीबों के विरोधी के रूप में देखा जाता है या फिर छल-कपट करने वालों के रूप में। यह भी गरीबी के महिमामंडन की ही आदत का नतीजा है कि कभी ऐसा कुछ सुनने को नहीं मिलता कि आम लोगों को अमीर बनाने और उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाओं से लैस करने की जरूरत है। हमारे औसत राजनीतिक दल गरीबी हटाओ की बातें तो खूब करते हैं, लेकिन उनकी ओर से अमीरी लाओ जैसे नारे कभी सुनने को नहीं मिलते। बेहतर हो कि ऐसे निर्धनता प्रेमी राजनीतिक दल यह समझें कि जैसे अच्छे प्राथमिक विद्यालयों के साथ आइआइटी-आइआइएम सरीखे शिक्षा संस्थानों की जरूरत है वैसे ही आवागमन के मौजूदा साधनों के साथ ही बेहतर साधनों की भी।

# वंशवादी राजनीति के बुरे नतीजे

**कांग्रेस** ने ही इस देश की राजनीति में वंशवाद की शुरूआत की और जब कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने भी उसे अपना लिया तो राहुल गांधी कह रहे हैं कि भारत तो ऐसे ही चलता है। जिसने इसे शुरू किया वही इसे समाप्त करने की पहल करे तो कांग्रेस भी बच सकती है और अन्य दल भी। कांग्रेस यदा-कदा यह कहती रही है कि जवाहर लाल नेहरू ने इस देश को वैज्ञानिक सोच दी और साथ ही अनेक आइआइटी एवं अन्य उच्च स्तरीय संस्थान भी दिए, पर वह यह नहीं बताती कि यदि सर्वाधिक समय तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस के शासन काल में गरीबी बढ़ी, भ्रष्टाचार फैला और वंशवाद कायम हुआ तो उसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह तो मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू वाली ही बात हुई। आज देश के चारों शीर्ष पदों पर बैठे नेताओं में से कोई भी परिवारवाद की उपज नहीं हैं। अधिकतर आम लोगों की सोच है कि देश बेहतर चलना चाहिए चाहे वंशवादी चलाएं या गैर वंशवादी, पर घटनाएं बताती हैं कि अपवादों को छोड़कर गैर वंशवादियों ने ही देश को बेहतर ढंग से चलाया है। आज शीर्ष पदों पर गैर-वंशवादी ही क्यों बैठे हैं? आखिर यह कैसे संभव हुआ? यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मतदाताओं ने 2014 में कांग्रेस को सत्ता से हटा दिया जो अनेक बुराइयों और विफलताओं की प्रतीक बन चुकी थी। इनमें से एक-दो विफलताएं तो खुद राहुल गांधी ने भी स्वीकारी हैं, पर विफलताएं तो अनगिनत हैं।

राहुल गांधी अपने वंशवाद को जायज ठहराने के लिए अखिलेश यादव से लेकर स्टालिन और मुकेश अंबानी से लेकर अभिषेक बच्चन तक का उदाहरण दे रहे हैं। वह अपने वंशवाद का बचाव करना चाहते हैं, पर 1928 में तो न कोई अखिलेश थे और न ही कोई स्टालिन। तब कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल नेहरू थे। महात्मा गांधी सर्वोच्च नेता थे। मोतीलाल ने महात्मा गांधी को लिखा, वैसे तो सरदार बल्लभ भाई पटेल कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए सर्वोत्तम उम्मीदवार हैं, लेकिन आप जवाहर लाल नेहरू को अध्यक्ष बना दीजिए। नेहरू मेमोरियल में मोतीलाल पेपर्स पढ़ने के बाद इतिहासकार रिजवान कादरी ने लिखा है, मोतीलाल नेहरू युवा नेहरू को आगे बढ़ाना चाहते थे। आखिर किसी युवा की तलाश सिर्फ अपने ही घर से क्यों? उक्त चिट्ठी आने के बावजूद महात्मा गांधी जवाहर लाल को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने को तैयार नहीं थे। इस पर मोतीलाल नेहरू ने उन्हें दो पत्र और लिखे। उन्होंने अन्य हस्तियों के जरिये भी गांधी पर दबाव बनाया। गांधी भारी दबाव में आ गए और जवाहर लाल के हाथ कांग्रेस की कमान आ गई। इसी के साथ वंशवाद की नींव पड़ गई। यह वही वंशवाद है जिसे देश के अन्य दलों ने अपने स्वार्थवश बाद में अपनाया। ह्यमहाजनो येन गतः स पंथाः! नब्बे के दशक में लालू प्रसाद ने कहा था कि मेरा परिवार बिहार का नेहरू परिवार है। उन्होंने इसे साबित करके भी दिखाया। वंश को आगे बढ़ाने में मोतीलाल जी को थोड़ी कठिनाई जरूर हुई थी, लेकिन जवाहरलाल नेहरू को नहीं हुई। उन्होंने 1958 में इंदिरा गांधी को 24 सदस्यीय कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य बनवा दिया। इससे पहले भी जवाहर लाल फिरोज गांधी और अपने परिवार के अन्य अनेक सदस्यों को महत्वपूर्ण पदों पर बैठा चुके थे। जब इंदिरा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बनवाने की प्रक्रिया शुरू हुई तो कांग्रेसी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री महावीर त्यागी ने 31 जनवरी, 1959 को नेहरू को चिट्ठी लिखकर कहा,मेरी राय है कि इंदु को कांग्रेस प्रधान चुने जाने से रोको या फिर आप प्रधानमंत्री पद से मुक्त हो जाओ। इसके जवाब में नेहरू ने त्यागी को 1 फरवरी, 1959 को लिखा, ह्यमेरा ख्याल है कि कई कारणों से उसका इस वक्त कांग्रेस अध्यक्ष बनना मुफीद होगा। आज राहुल गांधी अन्य दलों के वंशवाद की चर्चा कर रहे हैं, लेकिन आखिर 1959 में किस दल के किस नेता ने अपनी पार्टी का अध्यक्ष पद अपनी संतान के हवाले कर दिया था? अब देखिए कि इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद क्या किया? उन्होंने अपने पुत्र संजय को शासन का संविधानेत्तर केंद्र बनाते हुए आपातकाल में सरकार एक तरह से उन्हें ही सौंप दी थी। संजय के निधन के बाद इंदिरा जी ने राजीव गांधी को पार्टी सौंप दी। बिना किसी राजनीतिक अनुभव के राजीव महासचिव बना दिए गए। सबको पता है कि सोनिया गांधी ने दस साल तक परदे के पीछे से राज चलाया। यह राज इस तरह चला कि बीते लोकसभा में कांग्रेस को केवल 44 सीटें ही मिल सकीं। राहुल गांधी ने बर्कले में वंशवाद का बचाव करते हुए यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बनने को तैयार हैं। वंशवाद की तारीफ होती यदि वंशवादियों ने सत्ता में आकर सचमुच देश का भला किया होता। यदि भला हुआ होता तो 1969 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को गरीबी हटाओ का नारा नहीं देना पड़ता। अमेरिकी शोधकर्ता पॉल आर ब्रास ने साठ के दशक में उत्तर प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गहन शोध किया था। ब्रास के शोध का नतीजा था कि मंत्रियों ने जिलों में अपने गुटों को ताकत देने के लिए ऊपर से नीचे की ओर सरकारी भ्रष्टाचार को फैलाया। जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव ने लिखा है कि नेहरू ने भ्रष्ट मंत्रियों और अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की पुख्ता व्यवस्था इसलिए नहीं की, क्योंकि वह मानते थे कि इससे प्रशासन का हौसला पस्त होगा। नेहरू और इंदिरा गांधी के शासन काल में भ्रष्टाचार का क्या हाल था, इसका जवाब खुद राजीव गांधी ने अस्सी के दशक में दिया था। बतौर प्रधानमंत्री तब राजीव गांधी ने कहा था कि हम दिल्ली से जो सौ पैसे भेजते हैं गांवों तक उसमें से सिर्फ 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। क्या यह एक दिन में हुआ? कोई पूछे कि ऐसी नौबत किसकी वजह से आई? कभी मिस्टर क्लीन कहलाने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सत्ता के दलालों के खिलाफ आवाज उठाई थी, पर विडंबना यह रही कि बोफोर्स तोप सौदे के दलालों को बचाने के प्रयास में उन्होंने अपनी गद्दी गंवा दी।



वंशवादी क्षेत्रीय दलों ने भी सत्ता में आकर हदें पार कीं। उन्होंने परिवारवाद को खूब बढ़ावा दिया और भ्रष्टाचार से भी गुरेज नहीं किया। हैरत नहीं कि इन दलों के अनेक नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के तहत मुकदमे चल रहे हैं। इन दिनों देश की कमान गैर वंशवादी प्रधानमंत्री के हाथ में है और यह बात हर कोई मान रहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के स्तर पर भ्रष्टाचार का कोई मामला सामने नहीं आया है। दरअसल अधिकांश मामलों में वंशवाद और जातिवाद जुड़वा भाई हैं। वंशवादी नेता अपने जातीय वोट बैंक को लेकर निश्चिंत रहते हैं। वे यह भी समझने लगते हैं कि कोई भी अनर्थ करके बच सकते हैं। इस प्रचलन-प्रवृत्ति से देश का अधिक नुकसान हुआ है। यह ध्यान रहे कि जो वंशवादी नहीं हैं उन्हें सरकार में आने पर कुछ काम करके खुद को साबित करना पड़ता है।

# भ्रष्टाचार पर नकेल

**भ्रष्टाचार** पर नकेल के राज्य सरकार के दावों का कुछ हद तक तो असर दिखाई देने लगा है। राज्य सरकार की नीतियां और सरकारी एजेंसियों की सक्रियता से भ्रष्टाचार पर लगाम लग रहा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) का आंकड़ा इसकी तस्दीक भी करता है। एसीबी ने इस वर्ष भ्रष्टाचार में लिप्त भ्रष्ट अफसरों, कर्मियों व जनता के सेवकों की गिरफ्तारी का शतक पूरा कर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शार्या है। 13 सितंबर को एसीबी ने 100वां ट्रैप कर यह उपलब्धि हासिल की है। भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारियों का यह अब तक का सबसे सुखद ट्रैक रिकार्ड है।इससे पूर्व वर्ष 2016 में सर्वाधिक 88 मामले सामने आए थे। वर्ष 2015 में राज्य में एसीबी के छह प्रमंडल खुलने से भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी लड़ाई को बल मिला है।

इसमें कोई शक नहीं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार ने सख्त रुख अख्तियार किया है। सरकार के किसी मंत्री, विधायक पर भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष आरोप अब तक नहीं लगा है। हालांकि, इस सच्चाई से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि सरकारी तंत्र में अब भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। खुद पुलिस महकमा सबसे ज्यादा बदनाम है। इंजीनियर और बाबू लाबी तो है ही। ऐसा नहीं कि सभी भ्रष्ट हैं लेकिन भ्रष्टाचारियों का छोटा तबका भी बड़ों-बड़ों पर भारी है। मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से यह कह चुके हैं कि ऊपर के स्तर पर तो भ्रष्टाचार काफी हद तक समाप्त हो गया है लेकिन अभी निचले स्तर पर यह पूरी तरह से समाप्त नहीं हो सका है। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री रघुवर दास के एजेंडे में यह सबसे ऊपर है, एसीबी की सक्रियता इसकी बानगी है। भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए सरकारी कामकाज को डिजिटलाइज्ड करना होगा। खाद्य आपूर्ति विभाग में इस दिशा में थोड़ा सा काम हुआ तो आश्चर्यजनक परिणाम सामने आए हैं। यहां कंप्यूटराइज्ड व्यवस्था लागू होने और आधार सीडिंग होने से राज्य में 11.64 लाख फर्जी, डुप्लीकेट राशन कार्ड पर कार्रवाई करते हुए इन्हें निरस्त किया गया है। इसकी जगह 9.31 लाख नए परिवारों को जोड़ा गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से पिछले एक साल में 72 लाख एमटी खाद्यान्न की बचत हुई है। जिसकी कीमत 225 करोड़ रुपये आंकी गई है। खाद्य आपूर्ति की बचत यह बताती है कि व्यवस्था को पारदर्शी बनाने मात्र से भ्रष्टाचार अपने आप गायब हो गया है। सरकार के अन्य महकमों को भी तेजी से इस दिशा में काम करना होगा।

# मेट्रो-3 के सुरंग निर्माण कार्य पर रोक लगाने से हाईकोर्ट ने किया इंकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई मेट्रो-3 (कुलाबा-सीप्झ) के लिए जरूरी सुरंग के निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमें लोगों की सुरक्षा की चिंता है। लेकिन मेट्रो के निर्माण को रोकना हल नहीं है। हम इस मामले में भारतीय प्रद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से सहयोग लेंगे। मेट्रो के निर्माण कार्य के दौरान हो रही खुदाई के चलते महानगर के फोर्ट इलाके की पुरानी इमारतों के ढांचे प्रभावित होने की आशंका जाहिर करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।



याचिका में कहा गया है कि मेट्रो के लिए हो रहे खुदाई के काम के चलते 119 साल पुरानी जेएन पेटिट बिल्डिंग पर विपरीत असर पड़ रहा है। मुख्य न्यायाधीश मंजुला चिल्लूर व न्यायमूर्ति नितिन जामदार की खंडपीठ ने याचिका में उल्लेखित तथ्यों पर गौर करने के बाद कहा कि वे इमारतों के सर्वेक्षण के लिए आईआईटी मुंबई से सहयोग लेंगे। लेकिन इस मुद्दे को लोगों को अपने अहंकार का विषय नहीं बनाना चाहिए। इस दौरान खंडपीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट की इमारत की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक व कोलकाता की तुलना में उन्हें बॉम्बे हाईकोर्ट की इमारत बहुत खूबसूरत लगती है। इस बीच खंडपीठ ने मुंबई महाननगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण(एमएमआरडीए) को मेट्रो सात के लिए 256 पेड़ कांटने की अनुमति भी दी। यह पेड़ अंधेरी पूर्व व दहिसर पूर्व में काटे जानेवाले है। हाईकोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीआईएसएफ को टैटू को लेकर उसकी नीति को स्पष्ट करने को कहा है। हाईकोर्ट ने यह निर्देश श्रीकांत पखारे नामक युवक की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। पखारे के दाहिने हाथ में ओम का टैटू होने के चलते उसे नौकरी के लिए अयोग्य ठहरा दिया गया गया है। सीआईएसएफ के इस निर्णय के खिलाफ पखारे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में पखारे ने कहा है कि उसने पिछले साल सीआईएसफ में ड्राइवर पद के लिए नौकरी के लिए आवेदन किया था। उसका इस पद के लिए चयन हो गया है। लेकिन जब वह मेडिकल परीक्षण के लिए गया तो हाथ में टैटू होने के चलते उसे पद के लिए आयोग्य ठहरा दिया गया। याचिका में पखारे ने कहा है कि वह टैटू मिटाने का मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा है।

जिसमें उसे सफलता मिली है। इलाज के चलते टैटू का काफी हिस्सा खत्म हो गया है। थोड़े दिनों में सारा टैटू खत्म हो जाएगा। इसलिए उसे नौकरी प्रदान की जाए। यायमूर्ति नरेश पाटील की खंडपीठ के सामने याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में उल्लेखित तथ्यों पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने सीआईएसएफ को टैटू को लेकर उसकी नीति को स्पष्ट करने को कहा और मामले की सुनवाई दो सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी।

# दो कुत्तों को कुचल पुलिस चौकी में जा घुसी विधायक की एसयूवी




**मुंबई।** बीजेपी के मुलुंड से विधायक सरदार तारा सिंह की एसयूवी देर रात नाहुर इलाके में बनी पुलिस चौकी में जा घुसी। इस हादसे में दो कुत्तों की मौत हुई है वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। वहीं पुलिस चौकी ध्वस्त हो गई है। पुलिस चौकी में घुसने से पहले एसयूवी ने एक कार और बाइक को टक्कर मारी। जानकारी के मुताबिक एमएलए की एसयूवी उनका ड्राइवर महेंद्र गुप्ता चला रहा था। कार ने नियंत्रण खोने से सिग्नल के पास स्विफ्ट और एक बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद एसयूवी ट्रैफिक पुलिस चौकी में जा घुसी। पुलिस चौकी में हेड कांस्टेबल उमेश ईशी खड़े थे। उन्हें और ड्राइवर गुप्ता को गंभीर चोट लगी। दोनों को तुरंत हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि, एक्सीडेंट के वक्त एमएलए तारा सिंह कार में सवार नहीं थे। हादसे में सड़क पर सो रहे दो कुत्तों की मौत हुई है, वहीं पुलिस चौकी को काफी नुकसान पहुंचा है।

# ब्लू व्हेल गेम पर गूगल और फेसबुक गंभीर नहीं, एक सप्ताह में मांगा जवाब

**मुंबई।** आत्मघाती खेल के रूप में चर्चित गेम ब्लू वेल की ऑनलाइन उपलब्धता पर रोक लगाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने फेसबुक व गूगल को एक सप्ताह में जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश मंजुला चिल्लूर व न्यायमूर्ति नितिन जामदार की खंडपीठ के सामने इस मामले की सुनवाई चल रही है। इस दौरान गूगल व फेसबुक की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने कहा कि उन्हें हाल ही में मामले को लेकर नोटिस मिला है। इसलिए उन्हें जवाब देने के लिए वक्त दिया जाए। खंडपीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गूगल व फेसबुक प्रकरण को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। सिटीजन सर्कल फार सोशल वेलफेयर नामक गैर सरकारी संस्था ने अधिवक्ता शहजाद नकवी के मार्फत ब्लू व्हेल खेल पर रोक लगाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है।

याचिका में कहा गया है कि ऑनलाइन उपलब्ध सभी खेलों की तहकीकात की जाए और यदि कोई खेल खतरनाक पाया जाता है तो उस पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए। याचिका में दावा किया गया है कि ब्लू वेल गेम देश के बच्चों को मौत का शिकार बना रहा है। देशभर में इस खेल के चलते कई बच्चों की मौत हो चुकी है। अब तक महाराष्ट्र में दो बच्चे ब्लू वेल खेल की बली चड़ चुके है। हाल ही में मध्यप्रदेश के दमोह इलाके के एक 11 वीं कक्षा के बच्चे ने रेलगाड़ी के सामने आकर आत्महत्या कर ली है। ऐसे ही देश के अलग-अलग हिस्से में ब्लूवेल के चलते लोगों ने जान गंवाई है। इसलिए इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए जाए। याचिका में कहा गया है कि लोग इस खेल के चलते होनेवाली दुर्घटनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों तक जानकारी पहुंचाई जा सके इसके लिए हेल्पलाइन की शुरूआत की जाए।

(पृष्ठ 1 का शेष)

## अवैध और खतरनाक Kube लांज एंड क्लब हुक्का पार्लर



कमजोर और खतरनाक स्टार बाजार मॉल की टेरिस पर बने इस अवैध बांधकाम की दीवारों का बोझ क्या यह इमारत सह पाएगी?

### स्टार बाजार मॉल के टेरिस पर...

स्टार बाजार मॉल के टेरिस पर जो अवैध निर्माण किया गया है, उसे कांच, एल्युमिनियम.... का सहारा देकर मोटी दिवार बनाई गई है, हुक्का पार्लर में भारी भीड़ के कारण यह **ओवरलोड** हो जाती है। मनपा आयुक्त अजोय मेहता और मुंबई पुलिस आयुक्त दत्तात्रय पडसलगिकर इस हुक्का पार्लर के गैर कानूनी कामों को देखें और इस पर समय रहते कार्रवाई करें ताकी लोगों के जान माल का खतरा न हो। मनपा आयुक्त और पुलिस आयुक्त को रियल स्टेट क्षेत्र की राजनीति मालूम है, बिल्डरों व राजनीतिज्ञों का गठजोड़ मालूम है, इस लिए समय रहते कार्रवाई करें। घाटकोपर की वो इमारत कैसे गिरी, जिसमें लोग मारे गये और मुंबई में एक और इमारत गिरी जिसमें लोग मारे गये। स्टार मॉल बाजार के टेरिस पर चल रहे हुक्का पार्लर में उभड़ी भीड़ के कारण किसी भी क्षण इसके गिरने का खतरा पैदा हो गया है। इसके बारे में हमने मनपा और पुलिस को पहले ही खबरदार किया है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगता है जैसे उसे किसी बडे हादसे का इंतेजार है। अंधेरी पश्चिम स्थित स्टार बाजार मॉल के टेरिस पर चल रहे Kube लांज एंड क्लब के हुक्का पार्लर की वजह से एक तरफ देश की युवा पीढ़ी नशे के गर्त में डूबती चली जा रही है तो दूसरी तरफ इस मॉल की खतरनाक स्थिति के कारण लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है।

हुक्का पार्लर के कारण यहां काफी भीड़ जमा होती है उनकी गाडियां नीचे यातायात को भी प्रभावित करती हैं। इस कारण यहां कभी-कभी विवाद भी होता देखा गया है। इन सबके बावजूद मनपा के/वेस्ट वार्ड के अधिकारी लगता है जैसे सोये पड़े हुए हैं। उन्हें घाटकोपर हादसे जैसी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतेजार है।

### वीरप्पा मोइली ने किया इशारा...

मोइली ने कहा कि राज्यों में पार्टी के इंटरनल इलेक्शन की यह प्रॉसेस इस महीने पूरी होने की उम्मीद है, इसके बाद एआईसीसी लेवल पर होगी। उनसे पूछा गया कि क्या राहुल अगले महीने तक यह जिम्मेदारी संभाल लेंगे? इस पर मोइली ने कहा, मुमकिन है। मोइली से पूछा गया कि कांग्रेस की उम्मीदों को बढ़ाने के लिए क्या करने की जरूरत है? इस पर उन्होंने कहा, राहुल इसके लिए जुटे हैं। हमें हर राज्य के मसलों को रखना है, क्योंकि हर राज्य दूसरे राज्यों से अलग है। ऐसे में हर राज्य के लिए स्ट्रैटजी बनाने की जरूरत है, न सिर्फ आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर, बल्कि 2019 के लोकसभा चुनाव की भी। मोइली ने कहा कि राहुल के पास नया नजरिया और नया तरीका है।

### दुनिया के लिए 'सिरदर्द' बने..

जापान इसे युद्ध के लिए उकसाने वाला कदम बता रहा है। उत्तर कोरिया ने सारी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए फिर से मिसाइल टेस्ट किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बेहद कड़े प्रतिबंध के बाद उत्तर कोरिया ने मिसाइल टेस्ट किया है। मिसाइल जापान के ऊपर से होते हुए प्रशांत महासागर में जाकर गिरी। मिसाइल जमीन से 770 किमी ऊपर से होते हुए गई। मिसाइल ने 3 हजार 700 किमी की दूरी तय की। एक महीने में दूसरी बार उत्तर कोरिया ने जापान के ऊपर से मिसाइल फायर की है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन ने कहा कि उत्तर कोरिया ने फिर मिसाइल छोड़ी है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चेतावनियों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के बावजूद उसने ऐसा किया। इस क्षेत्र की शांति के लिए उत्तर कोरिया गंभीर खतरा बन गया है। उत्तर कोरिया की हिमाकत के बाद तनाव फिर बढ़ गया है। जापान ने इसे युद्ध को उकसाने वाला कदम बताया है। जापान के पीएम शिंजो आबे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर एक साथ आना चाहिए और उत्तर कोरिया को साफ संदेश देना चाहिए कि उसकी उकसाने वाली कार्रवाई दुनिया की शांति के लिए खतरा है। जापान अपने लोगों की सुरक्षा के लिए हर मुमकिन कदम उठाएगा। लेकिन बेरपवाह उत्तर कोरिया ने मिसाइल टेस्ट के बाद सीधे जापान पर हमला करने की धमकी भी दे डाली है।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# पाक ने फिर तोड़ा सीजफायर, बीएसएफ का एक जवान शहीद व 1 नागरिक जख्मी



जम्मू जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास आज लगातार तीसरे दिन पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और सीमा पार से हुई गोलाबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान शहीद हो गया। कांस्टेबल बिजेंद्र बहादुर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास अरनिया सेक्टर में अग्रिम चौकी पर बाड़ के पास तैनात थे। तभी देर रात करीब 12 बजकर 20 मिनट पर पाकिस्तानी सैनिकों ने मोर्टार दागे और गोलीबारी शुरू कर दी। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि एक गोली जवान के बाईं तरफ, पेट पर लगी और अस्पताल ले जाते हुए उसने दम तोड़ दिया।

उन्होंने कहा, बीएसएफ के जवानों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया। अधिकारी ने कहा, आधी रात से सुबह तक दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलियां चलती रहीं। कांस्टेबल बहादुर (32 वर्ष) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के विद्या भवन नारायणपुर गांव के निवासी थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुष्मिता सिंह हैं। पिछले तीन दिनों से पाकिस्तान की ओर से लगातार संघर्षविराम का उल्लंघन किया जा रहा है। गुरुवार को बीएसएफ की ओर से की कई जवाबी कार्रवाई में दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास और जम्मू तथा पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सैनिकों की और से की गई बिना उकसावे की गोलीबारी तथा गोलाबारी में तीन भारतीय जवान घायल हो गए थे। भारतीय सेना के आंकड़ों के अनुसार, इस साल पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। एक अगस्त तक पाकिस्तान सेना 285 बार संघर्षविराम उल्लंघन कर चुकी थी, जबकि वर्ष 2016 में पाकिस्तान की ओर से कुल 228 बार संघर्षविराम उल्लंघन किया गया था।

# हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए प्रेरित करती है पहले आप की तहजीबः राष्ट्रपति

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज यहां कहा कि लखनऊ की पहले आप की तहजीब समाज के हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए प्रेरित करती है। राष्ट्रपति ने गृह राज्य के पहले दौरे पर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में लखनऊ की तहजीब की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले आप का विश्लेषण किया जाए तो समाज के हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए कहा जाता है। उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कोविंद ने कहा कि इस राज्य ने देश को नौ प्रधानमंत्री दिये लेकिन अभी तक कोई राष्ट्रपति या उप राष्ट्रपति नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की मूल्यवान विरासत रही है। अन्य राज्य आर्थिक रूप से भले ही विकसित हो गये हों लेकिन कृषि योग्य भूमि जैसी उत्तर प्रदेश में है, वैसी जमीन और उतनी मात्रा में जमीन किसी अन्य प्रदेश में नहीं है। इसी जमीन पर राम और कृष्ण जैसे महामानव जन्मे।

**भगवान बुद्ध का विश्व शांति का संदेश डॉ. अंबेडकर ने अपनाया** – उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा, काशी, सारनाथ जैसी जगहें, तुलसीदास, कबीर, सूरदास, रैदास जैसे संत रहे। भगवान बुद्ध का विश्व शांति का संदेश डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपनाया। अंबेडकर ने बुद्ध के शांति के मार्ग उपदेशों को आधार बनाकर उन्हीं आदर्शों का पालन किया और संविधान में उन्हें शामिल किया। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे मौलिक अधिकार के साथ साथ मौलिक कर्तव्य भी हैं। देश का हर नागरिक राष्ट्र निमार्ता है। उन्होंने कहा कि वह संवैधानिक पद



पर हैं लेकिन उनका उत्तर प्रदेश से विशेष लगाव है। उन्होंने कहा, अपनी सीमाओं में रहकर इसके लिए जो भी मैं कर सकता हूं, करूंगा। प्रधानमंत्री का भी विशेष ध्यान इस राज्य पर है क्योंकि वह यहां का प्रतिनिधित्व करते हैं। कोविंद ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को उन पर गर्व है क्योंकि वह अकसर कहते थे कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

**बागपत नाव हादसे में मारे गये लोगों के प्रति व्यक्त किया शोक** – उन्होंने बागपत नाव हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर राष्ट्रपति को संघर्षशील एवं संवेदनशील बताते हुए कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने पर पूरा देश विशेषकर प्रदेश की 22 करोड़ जनता उत्साहित है। उन्होंने कहा,अपनी ही माटी के सपूत को देश के सर्वोच्च पद पर पाकर उत्तर प्रदेश की जनता अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रही है।

**डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण** – लखनऊ पहुंचने पर राष्ट्रपति सीधे अंबेडकर महासभा परिसर गये और वहां डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कल कानपुर रवाना होने से पहले राष्ट्रपति यहां स्मृति वाटिका में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# गीतकार कुमार ने अपना जन्मदिन अपने दोस्तों और परिवार के साथ ओशिवरा के एम आर पी पब में मनाया







कुमार जो कई सालो से ढेर सारे गीत लिख रहे हैं ,अवार्ड जीत रहे हैं ,इन्होने अपना जन्मदिन ओशिवरा के एम आर पी पब में मनाया जहाँ फिल्म जगत के जानेमाने लोग इन्हे बधाई देने आशीर्वाद देने आये। कुमार ने अपने पत्नी माला और अपनी बेटी सौम्या के साथ मिलकर सभी मेहमानों का स्वागत किया। पार्टी देर रात चली जिसमे शायरी ,गायिकी और जिन्दगी के सच्चाई के बारे में चर्चा हुई। आनेवाले मेहमानों में थे – अरमान मलिक ,विवेक कर ,राजीव रुइया ,संजू ,नवराज हंस ,मीत ब्रदर्स ,अनीस बज्मी ,एकता जैन ,धृति पटेल ,खालिद ,विराग मिश्रा ,विशाल पंडया ,बलराज ,सनोज कुमार ,राहुल वैद्य ,जगमीत ,जुबिन नौटयाल ,मनोज सभरवाल ,अमित पुरोहित ,अनजान भट्टाचार्य और कई मेहमान।

# दिनांक 17.09.2017 को मेगा ब्लॉक

**मुंबई ।** मध्य रेल के उपनगरीय खण्डों पर अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक 17.09.2017 को निम्न अनुसार मेगा ब्लाक परिचालित किया जायेगा।

**मेन लाइनः**

कल्याण-ढाणे अप स्लो लाइन पर सुबह 11.15 बजे से दोपहर 4.15 बजे तक सुबह 10.47 बजे से दोपहर 4.14 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप स्लो एवं सेमी फास्ट लाइन की सेवाएं कल्याण एवं मुलूंड के बीच अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएगी और मुलूंड स्टेशन के बाद अपने निर्धारित अप स्लो लाइन पर चलाई जाएगी। सभी स्लो लाइन के सेवाएं ठाकुर्ली, कोपर, मुंब्रा एवं कलवा स्टेशनों के लिए उपलब्ध नही रहेगी फिर भी यहाँ के यात्रियों को वाया थाणे, दिवा, डोंबीवलि एवं कल्याण होकर यात्रा करने की अनुमती प्रदान की गई है। सुबह 10.08 बजे से दोपहर 02.42 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से छूटने वाली सभी डाउन फास्ट लाइन की सेवाएं अपने संबंधित निर्धारित हॉल्ट के अलावा घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप, मुलुंड, एवं दिवा स्टेशन पर रूकेंगी और अपने गंतव्य स्टेशन पर 15 मिनट देरी से पहुंचेगी। सुबह 10.28 बजे से दोपहर 03.08 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं अपने संबंधित निर्धारित हॉल्ट के अलावा दिवा, मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, एवं कुर्ला स्टेशन पर रूकेंगी और अपने गंतव्य स्टेशन पर 15 मिनट देरी से पहुंचेगी। सुबह 12.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से छूटने वाली/ पहुंचने वाली सभी स्लो लाइन की सेवाएं अपने गंतव्य स्टेशन पर 10 मिनट देरी से पहुंचेगी।

**हार्बर लाइनः**

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस चुनाभट्टी / बांद्रा डाउन हार्बर लाइन पर सुबह 11.40 बजे से दोपहर 4.40 बजे तक तथा चुनाभट्टी / बांद्रा - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस अप हार्बर लाइन पर सुबह 11.10 बजे से सायं 4.10 बजे तक सुबह 11.21 बजे से दोपहर 4.39 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए छूटने वाली सभी सेवाएं तथा सुबह 9.52 बजे से सायं 4.43 बजे तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से बांद्रा/अंधेरी के लिए छूटने वाली सेवाएं निरस्त रहेगी। सुबह 9.52 बजे से दोपहर 3.26 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सभी सेवाएं तथा सुबह 10.44 बजे से दोपहर 5.09 बजे तक अंधेरी/बांद्रा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए छूटने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं निरस्त रहेगी। ब्लाक के दौरान पनवेल-कुर्ला (प्लॅटफार्म क्र.8) खंड पर विशेष सेवाएं चलाए जाएंगे। हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक पश्चिम रेलवे तथा मेन लाइन होकर यात्रा करने की अनुमति दी गयी है। ब्लाक के परिणाम स्वरूप अन्य दिनों की तुलना में उपनगरीय गाडियों में अधिक भीड़-भाड़ हो सकती है। यात्रियों अनुरोध है कि वे लोकल गाडियों के फुट-बोर्ड, रूफ टॉप एवं खचा-खच भरी लोकल मे यात्रा न करे। यह अनुरक्षण मेगा ब्लॉक्स आधारभूत संरचना को बनाए रखने तथा संरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेल प्रशासन को सहयोग दें।

# बॉर्डर पर शहीद हुआ बलिया का जवान, पिता ने कहा 'अब पोतों को करूंगा देश सेवा के लिए तैयार'

जम्मू-कश्मीर के अरनिया में पाकिस्तान की तरफ से की गई फायरिंग में बीएसएफ के कांस्टेबल ब्रिजेंद्र बहादुर सिंह शहीद हो गए। शहीद ब्रिजेंद्र बलिया जनपद के नारायन पुर गांव के रहने वाले थे। ब्रिजेंद्र के पिता का कहना है कि बेटा तो शहीद हो गया अब वे अपने पौत्रों को देश की सेवा के लिए तैयार करेंगे, जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर के अरनिया में भारत पाकिस्तान बार्डर पर तैनात बीएसएफ कांस्टेबल ब्रिजेंद्र बहादुर सिंह की शहादत से पूरा बलिया जनपद शोक में डूब गया है। दरअसल बीती रात पाकिस्तान की तरफ से की गई फायरिंग में ब्रिजेंद्र को गोली लग गई और वो शहीद हो गए। शहीद ब्रिजेंद्र का पैतृक गावं बलिया के बासडीह कोतवाली थाना अंतर्गत नारायण पुर गांव हैं। परिजनों को जैसे ही ब्रिजेंद्र की शहादत की खबर आई पूरे परिवार में मातम फैल गया।

**क्या कहना है शहीद ब्रिजेंद्र बहादुर के पिता का?**

शहीद ब्रिजेंद्र के पिता का कहना है कि उन्होंने देश के लिए अपना इकलौता बेटा खो दिया पर वो अपने दोनों मासूम नातियों को भारत माता की सुरक्षा के लिए तैयार करेंगे। शहीद ब्रिजेंद्र बहादुर सिंह ने व्हाट्सअप के जरिए बीती रात अपने परिवार वालों से फोन पर बात की थी। अपने पति की शहादत की खबर सुनकर पत्नी सुष्मिता रोते हुए बार- बार यही कहती है कि वो आएंगे। सुष्मिता का कहना है कि आखिरकार कब तक हमारे



देश के जवान मरते रहेंगे। सरकार बार-बार कहती है कि जबाब देंगे पर कब जबाब देंगे ये नहीं बताती।

**क्या कहना है शहीद ब्रिजेंद्र बहादुर की मां का?**

अपने इकलौते बेटे को खोने के बाद शहीद ब्रिजेंद्र की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। शहीद ब्रिजेंद्र के 2 मासूम बच्चों को पकड़कर सबसे पूछ रही है कि मेरा बेटा कहां गया। शहीद ब्रिजेंद्र की मां बताती है कि कुछ दिन पहले ही उनकी बेटे से उनकी बात हुई थी और शहीद ब्रिजेंद्र ने कहा था कि मां यहां मौत हर कदम पर है पूरी रात हमें आखें फाड़-फाड़ कर डयूटी करनी पड़ रही है।

# अब बिना आधार कार्ड नहीं बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस, सरकार कर रही है तैयारी



एक ही नाम से कई ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वालों की संख्या पर रोक लगाने के लिए सरकार अहम कदम उठाने जा रही है। मोबाइल और पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने को जरुरी बनाने के बाद सरकार ड्राइविंग लाइसेंस को भी इससे जोड़ने की तैयारी कर रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर ने आज कहा कि वह ड्राइविंग लाइसेंस को भी आधार कार्ड से लिंक करने पर विचार कर रहे हैं। इस संबंध में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी बात हो चुकी है।

**शराबियों पर कसेंगे शिकंजा**

रवि शंकर ने कहा कि अगर ड्राइविंग लाइसेंस को आधार कार्ड से जोड़ दिया जाता है, तो इससे डुप्लीकेट लाइसेंस की संख्या पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधार डिजिटल आइडेंटिटी है। इससे पहले मई में भी रविशंकर ने ड्राइविंग लाइसेंस को आधार कार्ड से जोड़ने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य डुप्लीकेट लाइसेंस लेने वाले ऐसे ड्राइवर्स पर शिकंजा कसना है, जो शराब पीकर गाड़ियां चलाते हैं और इसके चलते दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों के हताहत होने के मामले सामने आते हैं।

**PAN, मोबाइल नंबर के लिए जरुरी है आधार कार्ड**

केंद्र सरकार ने इससे पहले पैन कार्ड और मोबाइल नंबर को आधार कार्ड से लिंक करना जरुरी कर दिया है। अगर आपने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं कराया तो आपको आई.टी.आर. फाइल करने में दिक्कत हो सकती है। अगले साल फरवरी से पहले अगर आपने मोबाइल नंबर को आधार से लिंक नहीं कराया तो आपका मोबाइल नंबर बंद हो सकता है।

# SC ने ब्लू व्हेल गेम पर प्रतिबंध के लिए याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

उच्चतम न्यायालय ने ब्लू व्हेल चैलेंज गेम पर प्रतिबंध लगाने के लिये तमिलनाडु के 73 वर्षीय व्यक्ति की याचिका पर आज केंद्र सरकार से जवाब मांगा। अनेक बच्चों की मौत की घटनाएं इस खेल से जुडी हुई हैं। शीर्ष अदालत ने अटार्नी जनरल के के वेणुगोपाल से इस मामले में सहायता करने का भी आग्रह किया है। प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा,न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने वकील एन एस पोन्नैया की याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। केंद्र को तीन सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब देना है।

शीर्ष अदालत 11 सितंबर को इस याचिका पर



सुनवाई के लिये सहमत हो गयी थी। इस याचिका में अन्य बातों के अलावा जनता में इस आन लाइन खेल के बारे में जागरूकता पैदा करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मीडिया के अनुसार पांच सितंबर तक यह आन लाइन ब्लू व्हेल गेम खेलने के बाद कम से कम दो सौ व्यक्तियों ने आत्महत्या की है। इनमें अधिकांश 13 से 15 साल की आयु के किशोरवय बच्चे हैं।

याचिका के अनुसार मदुरै सिटी पुलिस ने पुष्टि की है कि यह गेम खेलने के बाद आत्महत्या करने वाले कालेज के एक छात्र ने इसे 150 से अधिक मित्रों को प्रेषित किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 22 अगस्त को ब्लू व्हैल चैलेंज गेम के ङ्क्षलक हटाने का निर्देश देने के लिए दायर याचिका पर फेसबुक, गूगल और याहू से जवाब मांगा था।

# केंद्रीय मंत्री की कार दुर्घटनाग्रस्त, सड़क हादसे में बाल-बाल बचीं साध्वी निरंजन ज्योति

उत्तर प्रदेश में कानपुर देहात के गजनेर क्षेत्र में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की कार को आज एक अन्य वाहन ने टक्कर मार दी। हालांकि इस हादसे में उन्हे कोई चोट नहीं आई।

पुलिस ने बताया कि साध्वी निरंजन ज्योति कानपुर से अपने मूसानगर आश्रम जा रहीं थीं। इस बीच गजनेर रोड पर अचानक उनकी कार को एक तेज रफ्तार



होंडा सिटी कार ने टक्कर मार दी। गनीमत ये रही कि हादसे में केंद्रीय मंत्री बाल-बाल बच गईं।

राहगीरों ने टक्कर मारकर भाग रहे हौंडा सिटी के कार चालक हो पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने केंद्रीय मंत्री को दूसरी कार से रवाना किया और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर थाने ले आई।

# 10 लाख आबादी के लिए 1 कमरे का आइसोलेटिड वार्ड

## कैसे होगा मरीजों का सही उपचार




जिले में स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी है। जिले के गांव भागीके निवासी 65 वर्षीय एक व्यक्ति के स्वाइन फ्लू के लिए गए सैंपल का नतीजा पॉजीटिव आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बेशक फरीदकोट के मैडीकल कालेज में उपचाराधीन स्वाइन फ्लू पीड़ित की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला एपिडिमोलॉजिस्ट डा. मनीष अरोड़ा की अध्यक्षता में उक्त मरीज के घर पहुंचकर उसके परिवार के छोटे बच्चों सहित 12 सदस्यों को दवाइयां देने सहित आसपास के लोगों को भी जागरूक किया। अगर मोगा की बात की जाए तो जिले की आबादी 10 लाख से अधिक है लेकिन स्वाइन फ्लू के दस्तक देने व इस संबंधी स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधों की बात करें तो लगता है कि अगर आने वाले दिनों में स्वाइन फ्लू को लेकर गंभीर स्थिति पैदा होती है तो स्वास्थ्य विभाग के लिए इस स्थिति को काबू करना एक चैलेंज से कम नहीं होगा।

**एक ही कमरे का आइसोलेटिड वार्ड वह भी खराब वैंटीलेटर के सहारे**

जिला स्तरीय सिविल अस्पताल में अस्पताल प्रबंधन ने स्वाइन फ्लू से निपटने के लिए आइसोलेटिड वार्ड स्थापित किया गया है। वार्ड एक ही कमरे में व खराब वैंटीलेटर मशीन के सहारे चल रहा है। आइसोलेटिड वार्ड के नोडल अफसर डा. गगनदीप सिंह के अनुसार पिछले वर्ष भी वैंटीलेटर मशीन खराब हो गई थी जिसे रिपेयर करवाया गया था। अब भी यह चल नहीं रही है। उन्होंने कम्पनी का इंजीनियर भेज इसे तुरन्त ठीक करवाने की अपील की है।

**आई.सी.यू. के बिना आइसोलेटिड वार्ड का कोई महत्व नहीं**

जिला स्तरीय अस्पताल में पिछले 30 सालों से आई.सी.यू. तक स्थापित नहीं हो सका है। चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार अगर कोई गंभीर मरीज सामने आता है तो उसका पहले आई.सी.यू. में उपचार करने के बाद उसे उसकी स्थिति के अनुसार ही आइसोलेटिड वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। इस प्रकार आई.सी.यू. के बिना आईसोलेटिड वार्ड का कोई महत्व नहीं रह जाता है।

**अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं देने में भी नाकाम**

जिला स्तरीय सिविल अस्पताल आई.सी.यू. यूनिट, बर्न यूनिट सहित अन्य कई प्राथमिक सुविधाएं न होने के चलते रैफरल अस्पताल बन चुका है। जो सरकार के सरकारी अस्पतालों में हाईटैक स्वास्थ्य सुविधाएं देने के बड़े-बड़े दावों पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

# यूएस में भारतीय मूल के डॉक्टर की मरीज ने की हत्या, चाकू से किए कई वार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 57 साल के भारतीय मूल के एक डॉक्टर की उसके मरीज ने हत्या कर दी। मरीज भी भारतीय मूल का बताया जा रहा है। घटना कंसास के विछिता सिटी में डॉक्टर के क्लीनिक के पास हुई। मनोरोग चिकित्सक (Psychiatrist) अच्युता रेड्डी तेलंगाना के रहने वाले थे, उन पर चाकू से कई वार किए गए। खबर के मुताबिक पुलिस ने बताया कि डॉक्टर पर हमला 13 सितंबर को ईस्ट विछिता में उनके क्लीनिक के पीछे हुआ। डॉक्टर के मरीजों में से एक 21 साल के उमर राशिद दत्त ने इस वारदात को अंजाम दिया। राशिद को अरेस्ट कर लिया गया है और उस पर फर्स्ट डिग्री मर्डर का आरोप लगा है। आरोपी को कंट्री क्लब के पास से पकड़ा गया। एक सिक्युरिटी गार्ड ने बताया था कि एक संदिग्ध शख्स पार्किंग में खड़ी कार में बैठा है, उसके कपड़ों पर खून लगा है।



## डॉक्टर की मौके पर ही मौत

विछिता पुलिस डिपार्टमेंट में होमीसाइड डिवीजन के सेक्शन कमांडर लेफ्टिनेंट टॉड ओजिले ने गुरुवार को मीडिया को घटना की जानकारी दी। टॉड ने न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि पुलिस ने रेड्डी को मौके पर ही डेड घोषित कर दिया। घटना बुधवार शाम हुई, हमें शाम 7.20 बजे फोन कर इसकी सूचना दी गई। रेड्डी दूसरे भारतीय हैं जिनकी इस साल कंसास में हत्या हुई है। इसी साल फरवरी में तेलंगाना के ही श्रीनिवास कुचीभोतला की कंसास सिटी बार में गोली मारकर हत्या की गई थी। श्रीनिवास की हत्या को पुलिस ने हेट क्राइम कहा था, लेकिन रेड्डी की हत्या को उन्होंने हेट क्राइम मानने से इनकार किया है। लेफ्टिनेंट टॉड ने बताया, जांच के दौरान हमें पता चला कि आरोपी डॉ. रेड्डी का क्लाइंट था और उनके ऑफिस (क्लीनिक) आया था, जहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई। उसी दौरान एक ऑफिस मैनेजर वहां पहुंची। उसने देखा कि आरोपी डॉक्टर पर हमले कर रहा है। मैनेजर ने आरोपी को रोकने की कोशिश की, इस बीच डॉक्टर ऑफिस से भाग निकला। इस पर आरोपी ने उनका पीछा किया और उन पर चाकू से कई वार किए। टॉड ने कहा कि हालांकि इस हत्या की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है।

## कौन थे डॉक्टर रेड्डी?

डॉक्टर रेड्डी कंसास के ईस्ट विछिता में होलिस्टिक साइकाइट्रिस्ट सर्विसेज क्लीनिक चलाते थे। वह योगा और फिटनेस एक्सपर्ट के तौर पर भी जाने जाते थे। नालगोंडा जिले से ताल्लुक रखने वाले डॉक्टर रेड्डी 3 बच्चों के पिता हैं और कंसास में दो दशक तक प्रैक्टिस करने के बाद उन्होंने अपना क्लीनिक शुरू किया था। रेड्डी ने 1986 में उस्मानिया यूनिवर्सिटी के मेडिकल स्कूल से ग्रेजुएट किया था। डॉक्टर रेड्डी की पत्नी बीना रेड्डी भी एक डॉक्टर हैं।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक-ट्रैक्टर से टकराई कार

# एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**पटना।** पटना के दीदारगंज थाना अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर कसारा के समीप शुक्रवार की दोपहर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तेज रफ्तार कार के परखचे उड़ गए। इस पर सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक जख्मी महिला को गंभीर हालत ने पुलिस ने इलाज के लिए एनएमसीएच के इमरजेंसी में भर्ती कराया है।

पुलिस तथा प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार का टायर अचानक फटने से अनियंत्रित हुई कार एनएच किनारे खड़े ट्रक-ट्रैक्टर तथा सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से जा टकराई। कार चालक 40 वर्षीय असलम, उसकी पत्नी 35



वर्षीया सकीना, उसकी साल और नौ महीने की बच्ची रुकसाना की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेजा। कार पर बैठी एक अन्य महिला 25 वर्षीया रूबी गंभीर रूप से घायल हो गई।

उसके हाथ-पैर टूटने के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट आई है। अस्पताल में मौजूद रूबी के पति श्रवण कुमार ने बताया कि वह नट समाज से है। हाजीपुर स्थित लालगंज निवासी असलम रिश्ते में श्रवण का बहनोई था। श्रवण ने बताया कि पूरा परिवार चितकोहरा में मेरे घर आया हुआ था। सुबह में फतुहा स्थित एक रिश्तेदार के यहां जाने के लिए कार से निकला था। दोपहर बाद पुलिस से खबर मिली की कार एनएच पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।

## नजराना नहीं देने पर पुलिस ने ट्रक चालक को मारी गोली, काटना पड़ सकता है पैर

**पटना।** बिहार पुलिस का एक बार फिर वीभत्स चेहरा सामने आया है। वाहन जांच के दौरान पैसे न देने पर बिहार पुलिस ने एक ट्रक चालक के पैर में गोली मार दी। इससे उसका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां कहा जा रहा है कि उसके पैर को काटने की नौबत भी आ सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना के दीदारगंज में ट्रक चालकों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जा रही थी। इस बीच एक ट्रक चालक पैसे न देने पर अड़ गया। जांच कर रहे अधिकारी और ट्रक चालक के बीच विवाद बढ़ने लगा। तभी जांच अधिकारी के साथ रहे एक पुलिस ने चालक के पैर में गोली मार दी। जिससे उसका पैर पूरी तरह घायल हो गया। घायल ड्राइवर को इलाज के लिए, नालंदा मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। लेकिन पैर काटने की बात कही जा रही है। इस घटना से आक्रोशित ट्रक चालकों ने दीदारगंज टोल प्लाजा पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये। पुलिस वालों पर पथराव कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। फिलहाल घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं।

# तीन महीने के लिए जब्त होगा शराबी ड्राइवरों का लाइसेंस

**लखनऊ।** शराब पीकर वाहन चलाने को सड़क दुर्घटनाओं के लिए बड़ा कारण मानते हुए परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शराबी वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। वाहनों की खरीद पर लगने वाले टैक्स की सही जानकारी देने के लिए सिंह ने सभी वाहन शोरूमों में टैक्स का ब्योरा बोर्ड में प्रदर्शित करने को भी कहा है।

गांधी भवन सभागार में प्रदेश के सभी आरटीओ और परिवहन आयुक्त पी.गुरुप्रसाद सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में परिवहन मंत्री ने कई मुद्दों पर पेंच कसे और निर्देश दिए। बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव अराधना शुक्ला ने शराबियों के साथ तेज वाहन चलाने वालों का भी ड्राइविंग लाइसेंस तीन महीने के लिए जब्त करने को कहा। प्रमुख सचिव ने कहा कि सामान्य रूप से जुर्माना वसूल कर ऐसे कारणों से हो रहे हादसों को रोकना संभव नहीं है।

उन्होंने शराब पीकर और तेज वाहन चलाने वालों के साथ हेलमेट व सीट बेल्ट की सावधानी न बरतने पर भी लाइसेंस जब्त करने को कहा। परिवहन मंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को गहनता से स्कूली वाहनों की फिटनेस जांचने के निर्देश दिए। मंत्री ने सभी वाहन संचालकों को नोटिस जारी करने और फिटनेस की जांच के लिए समय तय करने को कहा, ताकि निर्धारित समय में प्रक्रिया निपटाई जा सके। सुबह से शाम तक चली बैठक में कई आरटीओ ने बताया कि तबादलों से कर्मचारियों की संख्या कम हो गई है, जिससे काम प्रभावित हो रहा है, जबकि एआरटीओ ने बजट की कमी से प्रवर्तन कार्यों में कठिनाई की समस्या बताई।

# बैंक सुरक्षा के लिए यूपी सरकार बनायेगी पुलिस एप

**लखनऊ।** बैंकों में बढ़ती लूट की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी सुलखान सिंह ने सभी एडीजी, आइजी व एसएसपी को बैंक की सुरक्षा के लिए संस्थागत वित्त विभाग के साथ मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने इसके साथ ही डीजी पुलिस तकनीकी सेवाओं को ऐसे एप विकसित कराने का निर्देश दिया है, जिससे सभी बैंक, थाने, पुलिस कंट्रोल रूम व अधिकारी जुड़े हों। ताकि किसी आपात स्थिति में सभी को सूचना मिल सके और वक्त रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। डीजीपी ने कहा कि सभी बैंकों में सशस्त्र पुलिस गार्ड की व्यवस्था हो अथवा बैंकों द्वारा निजी सुरक्षा गार्ड लगाये जाये। निजी गार्डों को शस्त्र संबंधी परीक्षण दिलाया जाए। साथ ही बैंक प्रबंधन के साथ मिलकर ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए, जिसमें सुरक्षा कर्मियों व बैंक कर्मियों को उनके उत्तरदायित्व व कर्तव्य स्पष्ट हों। बैंक में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे, अलार्म व अन्य सुरक्षा उपकरण दुरुस्त कराए जाएं। बैंक में अलार्म के बटन कई स्थानों पर लगवाए जाएं। बैंक की गश्त के रजिस्टर को दुरुस्त कराने के साथ ही नियमित चेकिंग कराई जाए। खासकर बैंकों के बाहर व आसपास संदिग्ध लोगों की चेकिंग, स्टार्ट खड़े व बिना नंबर के वाहनों की चेकिंग बढ़ाई जाए। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठकों तथा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली डीसीसी की बैठकों में बैंक की सुरक्षा के एजेंडे पर नियमित रूप से चर्चा की जाए। इसके लिए हर जिले में एएसपी को नोडल अधिकारी बनाया जाए जो बैंक की सुरक्षा संबंधी बैठकों में नियमित रूप से मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण कराएं।

# भारत के 5 मशहूर धार्मिक स्थल, जहां महिलाओं की है नो एंट्री



भारत में घूमने लायक कई खूबसूरत मंदिर है जहां लोग जाकर मनोकामनाएं मांगते हैं लेकिन यहां कुछ धार्मिक जगहें ऐसी भी हैं जहां सिर्फ पुरुष ही जा सकते हैं। इन जगहों पर महिलाओं का जाना मना है। आइए जानिए भारत के ऐसे ही कुछ मंदिरों के बारे में जहां महिलाएं नहीं जा सकती।

**1. पद्मनाभस्वामी मंदिर (केरल)**
केरल के तिरुअनंतपुरम शहर में एक मंदिर है जहां महिलाओं का प्रवेश नहीं हो सकता। विष्णु भगवान का यह मंदिर केरल का प्रमुख पर्यटक स्थल है।

**2. सबरीमला श्री अयप्पा (केरल)**
इसे केरल के सबसे पुराने और भव्य मंदिरों में गिना जाता है। सबरीमला श्री अयप्पा मंदिर में सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु आते हैं लेकिन इस मंदिर के अंदर 10 से 50 साल की उम्र तक की महिलाएं नहीं जा सकती।

**3. कार्तिकेय मंदिर (राजस्थान)**
राजस्थान के पुष्कर शहर में ब्रह्माजी का एकमात्र मंदिर यही है जो यहां का सबसे पुराना और खूबसूरत मंदिर है। इस मंदिर में भी महिलाएं नहीं जा सकती।

**4. मुक्तागिरी जैन मंदिर (मध्यप्रदेश)**
यह मंदिर मध्यप्रदेश के गुना शहर में है जो यहां का प्रमुख तीर्थ स्थल है। इस मंदिर में महिलाएं जा तो सकती हैं लेकिन वैस्टर्न कपड़े पहन कर जाने पर मनाही है। चाहे छोटी उम्र की लड़की हो या बड़ी, इस मंदिर में सभी को पारंपरिक कपड़े ही पहन कर जाना पड़ता है।

**5. हाजी अली दरगाह (मुंबई)**
सिर्फ मंदिर ही नहीं मुंबई की इस दरगाह में भी महिलाएं नहीं जा सकती। हाजी अली दरगाह की बहुत मान्नता है और लोग दूर-दूर से यहां माथा टेकने आते हैं लेकिन इस्लाम शरीयत कानून के अनुसार यहां महिलाएं नहीं जा सकती।

# सड़कों पर चिप्स बेच घर चलाती है ये बुजुर्ग

वेस्ट बंगाल की रहनी वाली 88 साल की शिला घोष हर शाम सड़कों पर घर में बनाए गए चिप्स बेचती हैं। शिला की बहुत छोटी उम्र में पारंपरिक रूप से शादी हो गयी थी और इसी वजह से वह ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाई। पति के जॉब की वजह से ये सारा देश घूम पाई लेकिन पति की मौत के बाद हालत बदल गए। शिला अपनी 3 लड़कियों और 1 लड़के को आगे पढ़ाना चाहती थी लेकिन इसी दौरान उनके ऊपर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। उनकी सबसे बड़ी बेटी की मौत हो गयी और छोटी बेटी की दिमागी हालत भी खराब रहने लगी। सिर्फ बीच वाली बेटी ही कॉलेज तक पहुंच पाई, लेकिन उसके कान में भी इन्फेक्शन होने की वजह से उसकी पढ़ाई छूट गई। घर के हालात खराब रहने के कारण शिला ने खुद सारी जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया। अब 88 साल की हो चुकी शिला सड़कों पर चिप्स बेचकर अपना घर चलाती हैं। उन्होंने भीख मांगना मंजूर नहीं किया।

**सहा जवान बेटे की मौत का दर्द**
शिला को उम्मीद थी कि उसका बेटा उसके बुढापे का सहारा बनेगा लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। शिला ने अपने बेटे को पढ़ा-लिखाकर रेलवे में जॉब करने लायक बनाया लेकिन1993 में अचानक उनके बेटे को लंग्स की बीमारी हो गई। बेटे के इलाज के लिए शिला ने बैंक से लोन लेना चाहा लेकिन इसके कुछ दिनों बाद ही बेटे की भी मौत हो गई।

**इस तरह ढूंढा घर चलाने का रास्ता**
शिला भीख नहीं मांगना चाहती थी इसलिए कुछ समय बाद अपने पोते के साथ मोमबत्तियां बेचने लगी। लेकिन इससे कुछ फायदा नहीं हुआ। फिर उनका पोता और वो घर पर बनाए हुए चिप्स बेचने लगे।

# इस देश में मनाया जाता है स्नेक फैस्टिवल



हर देश के अपने अलग-अलग रिवाज और परंपराएं होती हैं। ऐसे ही इटली देश के कोक्युलो शहर में सांपों का अजीबोगरीब फैस्टीवल मनाया जाता है जिसे स्नेक फेस्टिवल कहते हैं। इस त्यौहार को यहां के लोग बड़ी ही शिद्दत से मनाते हैं। आइए जानिए इस त्यौहार को मनाने का कारण और तरीका

☞ इटली में यह त्यौहर हर साल मई महीने में मनाया जाता है और इस फैस्टीवल में भारी संख्या में लोग शामिल होते हैं और जुलूस निकालते हैं।

☞ इस फैस्टीवल में लोग जहरीले सांपों से खेलते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

☞ यह त्यौहार इटली के सेंट डॉमिनिको नाम के एक बेनडिक्टाइन मॉन्क के सम्मान में मनाया जाता है जोकि 11वीं और 12वीं शताब्दी में जीवित थे।

☞ सेंट डॉमिनिको नाम का यह शख्स अगर किसी को सांप काट जाए तो वह उसका जहर निकालते थे। इसी तरह जहरीले सांपों से उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई थी लेकिन कुछ सालों बाद उनकी मौत हो गई और उन्हीं के सम्मान में हर साल यह त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

☞ इटली के इस शहर में सेंट डॉमिनिको की बड़ी मूर्ति बनाई गई है और इस स्नेक फैस्टीवल में करीब 100 से भी ज्यादा सांपों से उनकी मूर्ति को ढका जाता है।

☞ सेंट डॉमिनिको की मूर्ति पर जितने भी सांप होते हैं उन सभी का जहर निकाल दिया जाता है।

☞ यह फैस्टीवल कम से कम 2 घंटों तक चलता है और सारे शहर में लोग इस मूर्ति के साथ जुलूस निकालते हैं।

☞ लोगों का मानना है कि जुलूस निकालते वक्त इस मूर्ति से एक भी सांप नीचे नहीं गिरना चाहिए क्योंकि इसे वहां के लोग बैड लक मानते हैं।

☞ जुलूस के साथ-साथ कुछ लोग अपने शरीर पर भी सांप लपेटकर चलते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल
आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार की चिंता में वृद्धि होगी। वरिष्ठजनों से मेलजोल बढ़ेगा।

**सिंह**
रुका हुआ धन मिल सकता है। जल्दबाजी न करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। परिवार में हर्ष वृद्धि होगी।

**धनु**
राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**वृष**
सम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या**
कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। व्यवसाय में नया अनुबंध होगा।

**मकर**
उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें। आय के साधन बढ़ेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**मिथुन**
परीक्षा, साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। यात्रा, नौकरी, निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अचानक लाभ हो सकता है।

**तुला**
कानूनी सहायता मिलेगी। तंत्र-मंत्र में विश्वास बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
किसी आनंदोत्सव का सुख मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। घर-परिवार की चिंता रहेगी।

**कर्क**
व्ययवृद्धि होगी। विवाद से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। दुष्टजन हानि पहूंचा सकते हैं। थकान रहेगी। यात्रा मनोरंजक होगी।

**वृश्चिक**
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। बेचैनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद के बढ़ावा न दें।

**मीन**
बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अस्वस्थता से बाधा संभव है। निर्धारित कार्य पूरे नहीं होने से अधिकारी टिप्पणी करेंगे। दौड़धूप होगी।

# पहाड़ों की गोद में बसे है ये खूबसूरत गांव

गांव के लोग शहरों की खूबसूरती देखने के लिए दौड़ते है, वहीं शहर में रहने वाले लोग गांव की खूबसूरती देखने की इच्छा रखते है। वैसे तो दुनियां में एक से बढ़कर एक गांव मौजूद है लेकिन आज हम आपको जिन गांव की सैर करवाने ले जा रहे है, वह पहाड़ों की गोद में बसे हुए। अगर इनकी खूबसूरती की बात करें तो यहां पहुंचकर आपको लगेगे कि आप किसी जन्नत में आ गए है।

**ऑस्ट्रिया(सल्जबर्ग)**
यह पर पहुंचने के लिए आपको ट्रेन का सफर करना पड़ेगा। इस जगह पर ज्यादातर लोग मिराबेल गार्डन घूमने आते है जो संगीत प्रेमियो के लिए मशहूर है।

**जमैट गांव (स्विटजरलैंड)**
जमैट गांव पर बसी बड़ी ही खूबसूरत जगह है। इस गांव में आपको पैदल यात्रा करनी पड़ेगी। यहां के रेस्टोरेंट भी काफी मशहूर है।

**हॉलस्टैट (यूनेस्को)**
हॉलस्टैट लेकसाइड ऑस्ट्रियाई गांव है। यहां पर काफी खूबसूरत पारंपरिक घर बने हैं। हालैस्टैट में एक दिन भी बिताए तो यह हर किसी की जिंदगी का खूबसूरत पल बन सकता है।

**ला प्लाग्ने गांव**



ला प्लाग्ने गांव सावोई के फ्रैंच डिपार्टमेंट में स्थित है। ला प्लाग्ने सर्दियों के खेल के लिए मशहूर है। यह क्षेत्र ऊंची-ऊंची चोटियों से घिरा है।

**टेलुराइड गांव**
यह छोटा सा गांव कोलोराडो के दिल में बसा बेहद खूबसूरत गांव है। यहां मौजूद बर्फ की ढलानों पर स्कीइंग का एक अलग ही मजा है।

**अल्टा बाडिया (इटली)**
अल्टा बाडिया गांव इटली के डोलोमाइट पहाड़ों में बसा है। यह अपने अल्पाइन स्की ट्रेल्स के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर लंबी पैदल यात्रा का एक अलग ही आनंद देती है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हाई बीपी और माइग्रेन में फायदेमंद है मेंहदी



किसी शादी या त्योहार में महिलाएं मेंहदी लगाने की रस्म जरूर अदा करती है। मेंहदी जहां हाथों की खूबसूरती बढ़ा देती है, वहीं इससे कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते है। जी हां, मेंहदी लगाने से बहुत सी बीमारियां छुमंतर हो जाती है। आइए जानते है कैसे।

☞ **माइग्रेन**

माइग्रेन की समस्या आजकल आम होती जा रही है। हर कोई सिर दर्द जैसी समस्या से परेशान है। अगर आप भी माइग्रेन के दर्द से झूझ रहे है तो रात को सोने से पहले 200 ग्राम पानी में सौ ग्राम मेहंदी के पत्तों को कूटकर भिगों ले। फिर सुबह उठते ही इस पानी को छानकर पिएं।

☞ **चमड़ी का रोग**

मेंहदी चर्म रोग के लिए भी फायदेमंद है। अगर आपको भी कोई चर्म रोग है तो मेंहदी के पेड़ की छाल को पीसकर काढा बना लें। फिर इसको सेवन लगभग 1 महीने तक करें। इस प्रक्रिया का इस्तेमाल करते समय साबुन से परहेज रखें।

☞ **गुर्दे का रोग**

बदलते लाइफस्टाइल में किसी न किसी व्यक्ति को गुर्दों से जुड़ी कोई न कोई प्रॉबल्म घेरे रहती है। अगर आप भी गुर्दे के रोग से परेशान है तो आधा लीटर पानी में पचास ग्राम मेहंदी के पत्तों को पीसकर डाल दें। फिर इस पानी को उबाल लें और छानकर पिएं।

☞ **उच्च रक्तचाप**

उच्चा रक्तचाप यानी हाई बीपी, यह समस्या छोटे और बड़े दोनों को परेशान करती है। इस समस्या में मेंहदी एक वरदान है। मेहंदी के पत्तों के पीसकर अपने पैरों के तलवों और हाथों पर लगाएं। इससे काफी हद तक आराम मिलेगा।



# एसिडिटी से परेशान है तो अपनाएं ये आयुर्वेदिक उपचार

अधिकर लोग खाना खाने के बाद बिस्तर पर लेट जाते हैं, जिससे खाना ठीक से नहीं पचता और कई तरह की प्रॉबल्म हो जाती है। दरअसल, हमारी पाचन क्रिया पेट में ऐसे एसिड का स्त्राव करती है जो पाचन को दुरुस्त बनाएं रखता है। अगर यह एसिड आवश्यकता से अधिक बनने लगे तो पेट संबंधी कई परेशानियां हो सकती है। इतना ही नहीं, एसिडिटी की समस्या आ सकती है। अगर पेट में एसिड बनने लगे तो काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो एसिडिटी के कई कारण हो सकते है। हम आपको उन्हीं कारणों के बारे में बताएंगे, जिनको पहचानकर आप इसका इलाज शुरू कर सकते है।

**एसिडिटी के कारण**

- खान-पान में अनियमितता
- खाना ठीक से न पचना
- पर्याप्त पानी न पीना
- मसालेदार और जंक फूड
- तनावग्रस्त होना
- धूम्रपान
- अधिक समय तक भूखे रहना

**एसिडिटी के जरूरी लक्षण**

- पेट में जलन
- सीने में जलन,
- मितली का एहसास
- खट्टी डकार आना,
- भूख कम लगना

एसिडिटी के आयुर्वेदिक उपचार

**-इलायची**

अगर सीने में जलन होने लगे तो इलायची का सेवन करें। इससे काफी फायदा मिलेगा।

**-अदरक का रस**

अदरक के रस में नींबू और शहद मिलाकर पीएं। इससे पेट की जलन दूर होगी और एसिडिटी की समस्या गायब।

**- सौंफ**

सौंफ को काफी गुणकारी माना जाता है। वैसे भी खाना खाने के बाद अगर सौंफ का सेवन किया जाए तो वह अच्छे से पच जाता है। इससे पेट की जलन भी दूर होती है। बच्चों के लिए भी सौंफ फायदेमंद है।

**- अश्वगंधा**

अगर आपको भूख न लगने और पेट में जलन रहती है तो अश्वगंधा का सेवन करें। इससे काफी हद तक फायदा मिलेगा।

**- चंदन**

चंदन का इस्तेमाल एसिडिटी के उपचार के लिए सदियों से किया जा रहा है। पेट में गैस बनने की प्रॉबल्म है तो चंदन का इस्तेमाल करें। इससे टंडक मिलेगी और पेट की जलन, दस्त और पेटे की गड़बड़ी ठीक रहेगी।

**- हरड़**

एसिडिटी और सीने की जलन हो तो दवाइयां खाने के बजाएं हरड़ का सेवन करें। काफी फायदा मिलेगा।



# खराब मूड को मिनटों में ठीक कर देंगे ये आसान ट्रिक्स!

कई बार ऐसा होता है कि अगर दिन की शुरूआत अच्छी न हो तो सारा दिन ही बेकार जाता है। ऐसे में न चाहते हुई भी आप दिमागी तौर पर स्ट्रेस फील करने लगते हैं और आपकी इरीटेशन की कोई सीमा नहीं रह जाती। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है तो आज हम आपको ऐसे आसान तरीके बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने गुस्से को आसानी से शांत कर सकते हैं।

**- दिल पर न लें बातें**

ऑफिस में बॉस ने कुछ सुना दिया हो या फिर कोई आपको एटीट्यूड दिखा रहा हो तो ऐसी बातों को दिल पर न लें। कैसे भी हालात हो उन पर प्रतिक्रिया न दें।

**- खुद को दोष न दें**

कभी-कभी मुसीबत में लोग खुद को ही दोषी समझने लगते हैं। अगर आप भी ऐसा ही कर रहे हैं तो यह बिल्कुल गलत है। ऐसे में टंडे दिमाग से सोचे कि आखिर ऐसा किस वजह से हुआ।

**- पॉजिटिव एटीट्यूड रखें**

किसी भी हालात में पॉजिटिव एटीट्यूड अपनाए रखें। मूड खराब हो तो आप अपने करीबी दोस्तों से मिले या फिर कही टहलने निकल जाएं। वो काम करें, जिससे आपके मन को सकून मिले।

**- जल्दबाजी न लें फैसला**

मूड खराब हो तो कोई भी फैसला लेने से बचें, क्योंकि उस समय आपकी निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाती है। आपका दिमाग यह तय नहीं कर पाता कि क्या सही है और क्या गलत।



# मां बनने की कोशिश कर रही हैं तो न करें करेले का सेवन!

महिलाओं को लंबे बालों के साथ-साथ लंबे नाखुन रखना भी बहुत पंसद होता है। वैसे भी लंबे नेल पर नेल आर्ट करना आजकल काफी ट्रेंड में है। आज हम आपको ऐसे ही कुछ आसान से नेल आर्ट के तरीके बताने जा रहे है जिन्हें बनाने में आसान के साथ-साथ देखने में काफी स्टाइलिश भी है। बस छोड़ी सी क्रिएटिविटी दिखा कर आप अपने हाथों को ब्यूटीफुल लुक दे सकती है। आइए जानते है इन नेल आर्ट के बारे में। नेल पर लाइट और डार्क कलर का नेल पेंट लगा कर आप इसे छोटे मोती से सजा सकते है। इससे आप पार्टी और फंक्शन में लगा कर बी खुद को स्टाइलिश लुक दे सकते है। केजुअल लुक के साथ नेल पेंट लगाने के लिए आप इसे भी ट्राइ कर सकती है। स्ट्राइप्स वाले नेल आर्ट बनाने के लिए आप सबसे पहले व्हाइट नेल पेंट लगाएं। इसके बाद क्लीयर नेल पॉलिश लगा कर इसे सूखा लें। अब हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स नाखुनों पर चिपका कर नेल पेंट लगा लें। इन स्ट्राइप्स को हटाकर एक टॉप कोट लगा लें। इस तरह के नेल पेंट लगाने के लिए आपको एक्सपर्ट होने की भी जरुरत नहीं है। कोई भी नेल पेंटलगा कर उसपर मोटे-मोटे डार्ट्स बना सकती है। आप चाहे तो नेल पर अलग-अलग डिजाइन भी बना सकती है। हमेशा ट्रेंड में रहने वाले पंक कलर से आप खुद को ट्रैंडी लुक दे सकती है। पिंक कलर पर डिजाइन बनाने के लिए आप ब्लैक या व्हाइट कलर का इस्तेमाल कर सकती है। किसी स्पेशल ओकेशन के लिए आप इस नेल डिजाइन को भी ट्राई कर सकती है। इसके लिए आप कोई भी नेल पेंट लगा कर इस पर गिल्टर लगा लें।

# कंगारुओं से वर्ल्ड कप में 30 साल पहले मिली हार का बदला लेगी टीम इंडिया

**चेन्नई।** टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार 17 सितंबर को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पांच मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में विराट ब्रिगेड 30 साल पहले मिली हार का बदला लेने के मकसद से खेलेगी। इससे पहले आखिरी बार दोनों टीमों के बीच इस मैदान पर एकमात्र वनडे मैच 9 अक्तूबर 1987 को क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान खेला गया था। भारतीय टीम जब रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का पहला वनडे खेलने उतरेगी तो वे 30 साल बाद चेपॉक के मैदान पर कोई वनडे मैच खेलेंगे। 1987 में रिलायंस वर्ल्ड कप के मैच में जब भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैदान पर आमने-सामने थी, तो उसमें भारतीय टीम को 1 रन से हार का सामना करना पड़ा था। रिलायंस वर्ल्ड कप के इस बेहद रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्योफ मार्श की 110 रन की पारी से 50 ओवरों में




छह विकेट पर 270 रन बनाए थे। के श्रीकांत (70) और नवजोत सिद्धू (73) के अर्धशतकों से भारत एक बार जीत की स्थिति में दिख रहा था लेकिन आखिर में उसने 40 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए और टीम इंडिया एक रन से यह मैच हार गई। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में अब तक कुल 21 वनडे खेले गए हैं, लेकिन संयोग से सिर्फ 1 ही बार भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना हुआ है। हालांकि भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया ने इस मैदान पर तीन वनडे और खेले थे, लेकिन तब उसके प्रतिद्वंद्वी जिंबाब्वे, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड थे।

**चेन्नई में टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड**

भारत ने चेपॉक पर कुल 11 मैच खेले हैं, जिनमें से छह में उसे जीत और चार में हार मिली जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद चेपॉक पर जो तीन अन्य मैच खेले उनमें उसने आसानी से जीत दर्ज की। चेपॉक स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई टीम का रिकॉर्ड शत प्रतिशत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने इस बीच हालांकि चेपॉक पर चार टेस्ट मैच खेले और इनमें से तीन में भारतीय टीम विजेता रही जबकि एक मैच ड्रा समाप्त हुआ था। भारत ने 1998, 2001 और 2013 में खेले गए टेस्ट मैच में जीत हासिल की थी, जबकि इस बीच 2004 में खेला गया टेस्ट ड्रा रहा था।

## धोनी को लेकर शोएब मलिक का बड़ा बयान, फैंस हुए खुश

**नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनकी तुलना क्रिकेट जगत के महान खिलाडियों में की जाती हैं। धोनी 36 साल की उम्र में भी विकटों के पीछे खासे चुस्त नजर आते हैं। इसी कारण उनके टीम के साथी उनकी तारीफ करते हैं। उनके साथियों के साथ साथ विपक्षी टीम के खिलाड़ी भी महेंद्र सिंह धोनी को महान खिलाड़ी बताते हैं। अब पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने एमएस धोनी को सर्वकालिक महान खिलाड़ी बताया है। जिसके कारण धोनी के चाहने वाले खासे खुश हैं। मौजूदा समय में पाकिस्तान वर्ल्ड



इलेवन के खिलाफ अपनी सरजमीं पर 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलने में व्यस्त है। इस सीरीज में मलिक का बल्ला काफी चल रहा है। मैच के बाद उन्होंने ट्विटर पर अपने फैंस के साथ सवाल-जवाब का एक सेशन आयोजित किया। उनके फैंस ने उनसे सवाल पूछे। एक फैन ने सवाल किया, शोएब मलिक कुछ शब्द एमएस धोनी के बारे में बोलिए। मलिक ने तुरंत जवाब दिया की वह एकसर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। मलिक के इस जवाब की ट्विटर पर लोगों ने खासी तारीफ की। शोएब मलिक ने हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1,700 पूरे कर लिए हैं। वह 1700 रन बनाने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनके ऊपर ब्रैंडन मैक्कलम, तिलकरत्ने दिलशान, विराट कोहली, मार्टिन गप्टिल, और मोहम्मद शहजाद हैं।

## लेडीज डेन बोश के हाथों हारी भारतीय महिला हॉकी टीम



**डेन बोश।** भारतीय महिला हाकी टीम को अपने यूरोप दौरे के तीसरे मैच में लेडीज डेन बोश टीम के हाथों 1.3 से पराजय झेलनी पड़ी। मेजबान टीम के लिये इरीन वान डेन असीम (12वां और 45वां मिनट) और इमके होएक (57वां मिनट) ने गोल किये। वहीं भारत के लिये नवदीप ने एकमात्र गोल 47वें मिनट में गोल दागा। इस मैच में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। पहले क्वार्टर में भारत ने अच्छी शुरूआत की लेकिन लेडीज डेन बोश ने 12वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने मौके बनाये। भारतीय फारवर्ड लालरेम्सियामी 22वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भारतीय गोलकीपर सविता ने इसी मिनट गोल बचाया। डेन बोश टीम के नौ खिलाड़ी उनकी राष्ट्रीय टीम में है। उन्होंने 45वें मिनटमें एक और गोल करके स्कोर 2.0 कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में सविता की जगह रजनी ई को उतारा जिसने 33वें मिनट में शानदार डाइव लगाकर गोल बचाया। कप्तान रानी का एक शाट 36वें मिनट में डच गोलकीपर ने बचाया। चौथे क्वार्टर में नवदीप ने गोल करके भारत का खाता खोला।

इसके तीन मिनट बाद ही भारत को एक और मौका मिला लेकिन डच गोलकीपर ने उसे नाकाम कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारतीयों ने लगातार गोल पर हमले बोले लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। मेजबान टीम ने तीन मिनट बाकी रहते गोल करके 3.1 से जीत पर मुहर लगा दी। भारत चौथे और आखिरी मैच में 18 सितंबर को बेल्जियम जूनियर पुरूष टीम से खेलेगी।

## एफसी पुणे सिटी ने मुख्य कोच हबास से नाता तोड़ा

**पुणे।** इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी पुणे सिटी ने आपसी सहमति से टीम के मुख्य कोच एंटोनियो लोपेज हबास और सहायक कोच मिगुएल माटनेज गोंजालेज से तुरंत प्रभाव से अलग होने का फैसला किया है। क्लब ने बयान में कहा, एफसी पुणे सिटी पिछले डेढ़ वर्षों के प्रयासों के लिए हबास का शुक्रिया करता है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है। फ्रेंचाइजी ने साथ ही कहा कि नया मुख्य कोच जल्द ही नियुक्त किया जाएगा।

## कोरिया ओपन सुपर सीरीज के सेमीफाइनल में पहुंचीं सिंधु

**नई दिल्ली।** ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु ने कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में कदम रख लिया है। हैदराबादी बैडमिंटन स्टार सिंधु ने पहला गेम 22 मिनट में 21-19 से अपने नाम किया। दूसरा गेम जापान की वर्ल्ड नंबर 19 मिनात्सु मितानी ने21-16 से ने अपने पक्ष में कर लिया। लेकिन तीसरे गेम में सिंधु ने मितानी की एक नहीं चलने दी। सिंधु तीसरे गेम में मितानी पर लगातार हावी रहीं। 63मिनट लंबे चले इस मैच को सिंधु ने 21-19, 16-21, 21-10 से जीत लिया। वर्ल्ड नंबर 4 सिंधु अब तक दो सुपर सीरीज के खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। 22 साल की सिंधु दो सुपर सीरीज प्रतियोगिताओं में उपविजेता भी रही हैं। सिओल में खेले जा रहे कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सिंधु की टक्कर वर्ल्ड नंबर 3 कोरियाई खिलाड़ी सुंग जी ह्यून और वर्ल्ड नंबर 7 चीनी खिलाड़ी एचई बिंगजिआओ से होगी। इससे पहले वर्ल्ड नंबर 1 सोन वैन हो ने भारत के समीर वर्मा को क्वार्टर फाइनल में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। समीर वर्मा ने हालांकि वर्ल्ड नंबर 1 सोन वैन हो को उनके घरेलू दर्शकों के सामने पहला गेम22-20 से हरा दिया। लेकिन आखिरकार सोन वैन हो ने समीर वर्मा को 20-22, 21-10, 21-13 से हरा दिया।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# प्रेग्नेंसी के बाद के करीना ने किया एक और धमाका



बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर प्रेग्नेंसी के बाद दूसरा फोटोशूट सामने आया है। ये शूट उन्होंने वोग मैग्जीन के लिए कराया है। करीना की कवर फोटो सामने आई है। जिसमें वह रंग-बिरंगे गाउन पहने नजर आ रही है। बता दें कि इससे पहले उन्होंने फिल्मफेयर मैग्जीन के लिए एक बेहद स्टनिंग फोटोशूट कराया था।मां बनने के बाद करीना ने ये पहला हॉट फोटोशूट कराया जिसकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई हैं।
करीना कपूर खान ने फोटोशूट फिल्मफेयर मैगजीन के इस संस्करण में वो फैशन से लेकर नेपोटिज्म तक कई मुद्दों पर अपनी राय भी जाहिर करती दिखेंगी। बता दें कि करीना कपूर अपनी फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं।

# हीरो के बराबर फीस के हक में बोली कंगना



बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर कंगना रनौत का कहना है कि वह हीरो के बराबर फीस की हकदार हैं। बॉलीवुड में काफी समय से चर्चा होती रही है कि हीरो और हीरोइन की फीस में इतना भेदभाव क्यों। कंगना रनौत ने भी इस मुद्दे पर बयान दिया है। कंगना ने कहा, बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियां हैं जो बोलती हैं कि यदि अभिनेत्री फिल्म को उतनी बॉक्स ऑफिस कमाई नहीं दे सकती, तो बराबर फीस की बात ही नहीं उठती। मैं कहती हूं कि यदि हम औरतें खुद ही इस तरह खुद को छोटा समझेंगी तो आगे भी कुछ अच्छा नहीं होना है। कंगना ने कहा, 'मेरा मानना है कि यदि मैं किसी फिल्म के लिए 365 दिन काम कर रही हूं, जितना कि कोई हीरो करता है.. तो बराबरी क्यों ना करूं। किसी की भी फीस उनके मेहनत को देखकर दी जानी चाहिए। यहां औरत या मर्द होने की बात नहीं। बॉलीवुड इंडस्ट्री सिर्फ उन अभिनेताओं की नहीं है.. जो यहां दशकों से राका करते आए हैं। मैंने भले यहां 30 साल काम नहीं किया है.. लेकिन 10 सालों में मैंने कई रिकॉर्ड बनाए हैं.. और इसीलिए मैं बराबर फीस के काबिल हूं।'

# जब अजीबो-गरीब नाइट सूट में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई जैकलीन



बॉलीवुड एक्ट्रैस जैकलीन फर्नांडिस बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हमेशा ही अपने स्टाइल लुक में नजर आने वाली जैकलीन अजीब से कपड़े में स्पॉट हुई। जैकलीन ऑरेंज कलर की ड्रैस में दिखाई दी, जोकि वेलवेट का था। इस दौरान उनके हाथों में जैकेट के साथ एक बुक भी नजर आयी। जैसे ही जैकलीन एयरपोर्ट से बाहर निकल रही थी वैसे ही मीडिया के कैमरों ने उन्हें घेर लिया और फोटो खीचने लगे। इन दिनों फिल्म जुड़वा 2 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बता दें, फिल्म जुड़वा 2 29 सितंबर को सिमेनाघरों में रिलीज होने जा रही हैं। इससे पहले जैकलीन, वरुण धवन और तापसी पन्नू फिल्म का जोरो शोरो से प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि फिल्म में वरुण डबल रोल में नजर आने वाले हैं। जुड़वा 2 सलमान खान की फिल्म जुड़वा का रीमेक हैं। जुड़वा 2 डेविड धवन के निर्देशन में बनी हैं। फिल्म बन कर पूरी तरह तैयार हैं, सिर्फ अब रिलीज की इंतजार हैं।



# अब जल्द ही इस किरदार में नजर आएंगी टीवी की संस्कारी बहू हिना खान

टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में संस्कारी बहू 'अक्षरा' का किरदार निभाने वाली हिना खान जल्द ही एक नए किरदार में नजर आने वाली हैं। वैसे इन दिनों वह 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि हिना प्रोड्यूसर रश्मि शर्मा के अपकमिंग शो में सैक्स वर्कर का किरदार निभाते नजर आएंगी। ये शो कलर्स चैनल पर आएगा। सैक्स वर्कर पर आधारित शो की प्रोड्यूसर रश्मि शर्मा 'शक्ति: अस्तित्व के अहसास की' सीरियल की भी प्रोड्यूस हैं। बता दें कि हिना खान 2009 से स्टार प्लस के शो ये रिश्ता क्या कहलाता है' से जुड़ी थी। उन्होंने 2016 में ये शो छोड़ दिया था। इस शो की वजह से उन्हें घर-घर में अक्षरा के नाम से पहचाना जाने लगा था। 29 साल की अक्षरा ने कुछ और सीरियलों में छोटे-छोटे रोल और कैमियो किया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अभी इस रोल के लिए हिना की तरफ से कोई स्वीकृति नहीं आई हैं। लेकिन यदि वो ये रोल करतीं है तो उनके लिए ये एक चैलेंजिंग रोल होगा। ये शो महिलाओं की जिदंगी पर आधारित होगा। कुछ साल पहले हिना ने एक इंटरव्यू बताया था उन्हें कलर्स के 'बेलन बहू' शो का भी ऑफर मिला था लेकिन तब वो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में बिजी थीं।